ये लोग ऐसे बेहया ना थे। बहर कैफ़ इस में शुब्हा नहीं हो सकता कि ज़ैद को अपनी जोरू (बीवी) छिन जाने का इतना रंज ना हुआ होगा जितना इस ख़िताब ज़ैद बिन मुहम्मद ﷺ (मुहम्मद के बेटे) के छिन जाने का। इन पर सितम हुआ। अफ़्सोस ज़ैद लुट गए ! अब तक हज़रत उन को अपना बेटा बनाए रहे, मगर अब नया सुलूक किया जाता है। ठेठ हिन्दी में इस को चचा बनाना कहते हैं।

# दफ़्अ हफ़्तुम

## ज़ैद की वफ़ादारी

सय्यद अमीर अली साहब ने अपनी अंग्रेज़ी किताब के हाशिये (सफ़ा 336) में एक नई बात ये भी तहरीर फ़रमाई है कि "सबसे बड़ी मेयार नबी की पाकबाज़ी की ये थी कि ज़ैद ने अपने आका के साथ जाँबाज़ी में कभी कोताही ना की।" और हकीम साहब रक़म तराज़ हैं कि "अगर इस अक़्द (निकाह) में कोई अम्र मअयूब (एब वाला) और कावह नबुव्वत होता तो यक़ीनन अव्वल मुन्किर ज़ैद होता।" (फ़स्लुल-ख़िताब अव्वल, सफ़ा 171) हम कहते हैं कि मुन्किर हो कर किसी क़ाज़ी के पास फ़र्याद करता और अगर इन्कार व बेवफ़ाई नहीं की तो ये ज़ैद की तारीफ़ की बात है और मुहम्मद ﷺ का जुर्म और बदतर होता है। पर अगर ज़ैद की जाँबाज़ी का क़िस्सा दुरुस्त हो तो हम इस का आपसे ज़्यादा काबिल इत्मीनान सबब बताए देते हैं। आख़िर ज़ैद ग़ुलाम रह चुका था। गुलामी इन्सान के दिल पर बुरा असर पैदा करती है। तिब्बी आज़ादी, हमीय्यत वग़ैरत इस से बिल्कुल दूर हो जाती है। अगर आक़ा अपने ग़ुलाम की जोरूएं (बीवीयां) ले या उस के बच्चों को इस से जुदा कर दे तो वो सब्र करता है। हालत मज्बूरी में ये हादिसात उस के दिल पर कोई ग़ैर-मामूली असर नहीं पैदा करते। जब ज़ैनब बावजूद इस वाक़िये के ज़ैद को "एसी बुज़ुर्ग मालूम हुई" और इस को उसे अपनी माँ बनाते हुए कोई मलाल ना हुआ तो ज़ैद को मुहम्मद ﷺकी वो हरकत जो चाहे कैसी ही ज़िश्त व ज़बूं (बुरी) क्यों न थी? क्यूँ कर बुरी मालूम हो सकती जब ख़ुद क़ुरआन-ए-मजीद में इसी मुआमला की बाबत वारिद हुआ "काम नहीं किसी ईमानदार मर्द का, ना औरत का जब ठहरा दे अल्लाह और उस का रसूल कुछ काम कि इन को रहे इख़्तियार अपने काम का और जो कोई बे-हुक्म चला अल्लाह के और उस के रसूल के सो राह भुला

सरीह चूक कर।" (अहज़ाब रुकूअ 4) जहां ख़ुदा के इल्म क़दीम में ये ठहर चुका था कि ज़ैनब मुहम्मद ﷺ की जोरू (बीवी) होगी, वहां ये भी ठहर चुका था कि बेचारे ज़ैद की जोरू (बीवी) मुहम्मद ﷺ ले लेंगे। अब अल्लाह ने मुहम्मद साहब का निकाह ज़ैनब से कर दिया। जिब्राईल शाहिद है। ये क़िस्मत की बदी थी। रज़ा-ब-क़ज़ा (जो ख़ुदा की मर्ज़ी है इस पर राज़ी हैं)। इस्लाम के मअनी ही हैं "गर्दन नहादन"

# दफ़्अ हश्तम

## गैरत सहाबा किराम

हकीम साहब तअल्ली (बुलंदी, शेख़ी) की लेते हैं और फ़रमाते हैं "बड़े बड़े ग़यूर जरी सहाबा जो यक़ीनन मच्छों और बाजगीरों से बढ़कर वक़अत व ग़ैरत में थे जो इस्लाम के रुक्न थे। बहुत जल्द, हाँ इसी दम टूट-फूट जाते अगर मुहम्मद ﷺ का ये फेअल मअयूब (एब वाला) व क़ादह नबुव्वत होता। (सफ़ा,171-172) अब हमको मजबूरन दिखाना पड़ा कि हज़रत मुहम्मद ﷺ के सहाबा के दिल में ग़ैरत को बहुत बड़ी गुंजाइश ना थी। चुनान्चे मदीना में जो अब्दुर्रहमान बिन औफ़ और सअद बिन अल-रबीअ में हज़रत ने बिरादरी क़ायम की थी, एक दिन सअद ने अब्दुल रहमान से कहा "ऐ भाई मेरे पास दौलत बहुत है मैं एक हिस्से में तेरे साथ शरीक हूँगा। और देख मेरी दो जोरूएं (बीवीयां) हैं उनमें से जिसको तू चाहे पसंद कर ले और मैं इस को तलाक़ दे दूंगा कि तू उसे जोरू (बीवी) बना ले। चुनान्चे सअद ने तलाक़ दे दी और उन के भाई अबदुर्-रहमान ने इस से निकाह कर लिया और सअद के साथ रहा किए।

इस को म्यूर साहब ने बहवाला कातिब अल-वअक़दी अपनी जिल्द दोम, सफ़ा 272-273 में लिखा है और मुफ़स्सिर अबूल-ऊद अपनी तफ़्सीर जिल्द हफ़्तुम, सफ़ा 184 में अंसार और मुहाजिरीन की रस्म जोरू (बीवी) बदलुल (बीवी बदलुल) के सदर-उल-इस्लाम में जवाज़ (जायज़ होने) का ज़िक्र करता है और इस को हज़रत दाऊद की सुन्नत क़रार देता है। हमारे ज़माना के मौलवी साहिबान ज़्यादा बाग़ैरत हैं। वो इस क़िस्म की बिरादरी मिस्ल सहाबा किराम के निबाहने के लिए राज़ी ना होंगे। इसी तरह

रोज़तुल-अहबाब जिल्द अव्वल आख़िर के क़रीब दरबाब जवाज़ मज़ाह हक़ व ज़राईफ़ व लताएफ़ (सफ़ा 679) में मर्क़ूम है कि :-

"مرویست کہ ضحاک ابن سفیان کلابی مروے بود بغابت قبیح الوجہ آمد با پیغمبر صلعم مبایعہ کرد و عائشہؓ پیش حضرت نشستہ بود پیش نزول آیت حجاب انگہ گفت پیش من دوزن ہشند احسن ازین حمیرا یعنی عائشہؓ یکے راترک کنم تانو اورا بخواہی"

ज़ैद किसी तरह ज़हहाक या सअद से ना ग़ैरत में ज़्यादा थे और ना वफ़ादारी मुहम्मद ﷺ में कम। पस मुल्ला बाक़र मजलिसी का ये क़ौल बहुत है कि "زید گمان کرد کہ حسن زینب حضرت راخوش آمدہ است" और उस ने तलाक़ दे दी, बल्कि अपनी जोरू (बीवी) ख़ुद मुहम्मद ﷺ को सौंप दी। इस ज़माने में ऐसी बातें हुआ करती थीं। ताज्जुब नहीं अब ये बातें देवती कही जाती हैं। इस से मुसलमान भी ताम्मुल करते हैं। हमने तो किसी मछुवे (माही-गीर) और बाजगीर (महसूल लेने वाले) की ऐसी बेग़ैरती नहीं सुनी। ये सहाबा का हिस्सा था। मौलवी मुहम्मद हुसैन साहब ने अपने ख़ुत्बे में हुर्मत के ख़िंज़ीर (सूअर के हराम होने) के बाब में फ़रमाया था कि :-

> "मिनजुम्ला नर हैवानात के एक यही बड़ा बेगैरत है और हैवानात अपने मतलूब माद्दा पर दूसरे हैवानात का मुक़ाबला और ग़ैरत करते हैं, इस ग़ैरत से ख़ाली है तो सिर्फ यही एक हैवान है। यही वजह है कि जो लोग इस जानवर का गोश्त खाने के आदी हैं उनमें वो ग़ैरत नहीं होती। एक की जोरू (बीवी) को दूसरा हाथ में हाथ डाल कर ख़ल्वत (तन्हाई) में ले जाए तो वो ग़ैरत (शर्म) नहीं करता।" (इशाअत अलसुन्नाह नंबर 11, जिल्द 17, सफ़ा 325)

मौलवी साहब को शायद मालूम ना था कि सहाबा किराम एक दूसरे को अपनी जोरू (बीवी) का हाथ ख़ुद पकड़ कर ख़ल्वत (तन्हाई) में भेज देते थे। शायद हुक्म हुर्मत खिंजीर से क़ब्ल का ये वाक़िया हो।

# दफ़्अ नहम

## इज़ाल-तुल-शुकूक (शक को दूर करना)

1. मौलवी फ़िरोज़ उद्दीन साहब फ़रमाते हैं :-

> "रसूल-ए-ख़ूदा पहले ही कुँवारेपन में ज़ैनब को बिला-मुज़ाहमत (बगैर रुकावट) अपने निकाह में ला सकते थे। अगर हज़रत ज़ैनब के हुस्न के ख़ास्त गार (ख्वाहिशमंद) होते। (सफ़ा 50)

इस का जवाब हम इस फ़स्ल की दफ़्अ सोम में दे चुके हैं और यहां फिर दोहराते हैं कि इल्ज़ाम सिर्फ ये है कि हज़रत ﷺ शहवत परस्ती के लिहाज़ से अपने नफ़्स पर क़ादिर ना थे। जिस वक़्त कोई औरत उन के दिल में बस गई फ़ौरन चाहे कुछ ही क्यों ना हो इस से मिल बैठते। ज़ैनब अगर उस वक़्त उन के दिल में बस जाती तो आज ये नौबत (वक़्त) ना आती। उस वक़्त उनके दिल में अपने वास्ते उस के लिए जगह ना थी। शफ़क़त पिदराना से अपने अज़ीज़ फ़र्ज़ंद ज़ैद को देकर उस को अपनी बहू बनाना और ज़ैद का मर्तबा बढ़ाना मंज़ूर था। मगर इत्तिफ़ाक़न जो इस को ग़ुस्ल करते एक नज़र देख पाया, आतिश शहवत अफ़ोख़्ता हुई और ताब सब्र बाक़ी ना रही और वो किया जो किया। इस तरह ज़ैनब को देखने का आपको इत्तिफ़ाक़ पहले कभी ना पड़ा था। पस पहले निकाह ना करने का सबब भी मौजूद था और माबाअ्द निकाह करने की इज़तिराबी भी।

2. हकीम साहब ने एक उज्र यह बयान किया है कि :-

> "क़ौम और मुल्क और रसूम के मुख़ालिफ़ हज़रत को दो अज़ीम मुश्किलों का सामना पड़ा एक तो ख़ुदा के क़ौल व फ़अल के मुताबिक़ तबनेत (बेटे गोद लेने कि रस्म) का तोड़ना और दूसरा एक मुतल्लक़ा (तलाक़शुदा) औरत से शादी करना। अरब जाहिलियत में सख़्त क़ाबिल मलामत व नफ़रत और ज़िल्लत तसव्वुर करते थे निकाह करना। मगर चूँकि अक़्लन व समन व शरअन ये अफ़आल (आमाल) मअयूब (एब

वाले) ना थे और ज़रूर था कि मुस्लेह व हादी ख़ुद नज़ीर बने ताकि ताबईन को तहरीक व तर्गीब हो।" (फ़स्लुल-ख़िताब, सफ़ा 157)

## (अव्वल) रस्म तबनेत (बेटे को गोद लेने की रस्म) का तोड़ना

हज़रत ने इस रस्म को ख़ुद इख़्तियार किया था। ज़ैद को अपना बेटा बनाया था। इस को अपना वारिस गिरदाना था। जैसा बताया गया, ज़ैनब का निकाह 5 हिज्री में हुआ इस से क़ब्ल 18 साल तक आप इस रस्म को अपने ज़माना नबुव्वत में भी बरतते रहे और इस में कोई रस्मी या अक़्ली या शरई ऐब ना देखा। अगर ये "ख़ुदा के क़ौल व फ़अल के मुताबिक़" ना था तो 18 साल ज़माना नबुव्वत में हज़रत क्या करते रहे थे और क्यों इस गुमराही में मुब्तला रहे। फिर अगर यकायक मालूम हो गया कि वो रस्म मअयूब (एब वाली) है तो क्या सिर्फ ये कह देना कि ख़ुदा हुक्म करता है कि मुतबन्ना (गोद लिए) बेटे असली बेटे नहीं और तबनेत (गोद लेकर बेटा बना लेना) इस्लाम में शरअन नाजायज़ है, इस रस्म को मिटाने के लिए काफ़ी ना थी। क्या ज़रूर था कि तबनेत (बेटे गोद लेने कि रस्म) को नाजायज़ साबित करने के लिए मुतबन्ना (लेपालक बेटे) की जोरू (बीवी) छीनी जाये? देखो शराब इस्लाम में एक मुद्दत तक हलाल रही माबाअ्द हुर्मत शराब का हुक्म हुआ, शराब हराम हो गई। डिस्कवी साहब फ़रमाते हैं :-

> "आँहज़रत सलअम का ये फैअल (अमल) लोगों के लिए अमली नमूना और नज़ीर ठहर कर अरब और तमाम दुनियाए इस्लाम से ये वाही (बुरी) रस्म हमेशा के लिए उठ गई।" (सफ़ा 11-12)

और फिर ये भी कहते हैं कि :-

> "अरबों में ये रस्म फैल रही थी कि जो शख़्स अपनी औरत को माँ कह बैठता वो उस के हक़ में बमंज़िला हक़ीक़ी माँ के हो जाती और हमेशा के लिए इस से जुदा हो जाती। अल्लाह तआला ने उन दोनों रस्मों को (ज़िहार और हुर्मत मुतबन्ना) तोड़ डाला।" (सफ़ा 8-9)

अब सोचो तो कि ज़िहार (फ़िक़्ह की इस्तिलाह में मर्द का अपनी बीवी को माँ या बहन या उन औरतों से तशबीया देना जो शरअन इस पर हराम हैं) से क़दीम रस्म जिससे वो ज़ौजा (बीवी) जिसको माँ कहा जाता था और वो शौहर पर हराम हो जाती थी किसी "अमली नमूना और नज़ीर" के टूट गई। कोई ज़रूरत ना हुई कि हज़रत अपनी जोरूओं (बीवीयों) में से किसी को पहले अम्मां कहें और फिर उस को अपने ऊपर हलाल गर्दान कर नमूना बनें। हालाँकि ख़दीजा ؓ को जो आपको "नूर-दीदाह" कहा करती थीं (हयात-उल-क़ुलूब, सफ़ा 95) बाआसानी तमाम आप ऐसा कह सकते थे, क्योंकि उम्र एतबार से आप ﷺ लोगों की इंदिया (राय) में हज़रत उन बड़ी बी के रूबरू बिल्कुल साहबज़ादे थे। तो फिर अगर हज़रत अपने मुतबन्ना (गोद लिए बेटे) की जोरू (बीवी) लिए बग़ैर इस रस्म को मिस्ल ज़िहार के तूड़वा डालते तो क्या ख़राबी बरपा होती। मौलवियों ज़रा होश की बातें करो। हकीमों अपने दिमाग़ का ईलाज करो नई रोशनी व अक़्ल के नाख़ुन लो। इस वाक़िए से क़ब्ल जब आप चाहते तबनेत (बेटा गोद लेने कि रस्म) को नाजायज़ क़रार देते, मगर नहीं। आज नाजायज़ क़रार देते हैं जब मुतबन्ना (गोद लिए बेटे) की जोरू (बीवी) पर आशिक़ हुए उसे बे-सतर देखा।

## (दोम) मुतल्लक़ा (तलाक़शुदा) औरत से निकाह करना

अरब जाहिलियत में इस को हराम समझते थे। आप साबित करें कि यहूद में भी ये फेअल नाजायज़ ना था और ज़ैनब के निकाह से क़ब्ल मुसलमान मुतल्लक़ा (तलाक़शुदा) औरतों से निकाह किया करते थे। चुनान्चे दफ़्अ हश्तम में हमने दिखा दिया कि मुहाजिरीन और अंसार उमूमन इस वाक़िये से 5 बरस क़ब्ल भी मुतल्लक़ा (तलाक़शुदा) औरतों से बड़ी आरज़ू के साथ निकाह कर लिया करते थे और हज़रत की ज़ौजा (बीवी) मैमूना के एक शौहर का नाम मस्ऊद बिन उमर था। इस से तलाक़ पाकर इस ने दूसरा शौहर किया था जिसकी वफ़ात पर वो हज़रत की जोरू (बीवी) बनी थी। (रोज़तुल-अहबाब, सफ़ा 598) और हज़रत ﷺ की एक और जोरू (बीवी) लैला बिंत हज़ीम का ज़िक्र है कि इस ने हज़रत से तलब फ़स्ख़ (तर्क) निकाह किया और हज़रत ने इस के निकाह को फ़स्ख़ (मंसूख) किया। उसने जाकर दूसरा शौहर किया और बच्चे जने। (मिन्हाज जिल्द दूसरी, सफ़ा 880) इसी तरह हज़रत की जोरू (बीवी) ज़ैनब उम्मूल-मसाकीन ने अपने एक शौहर तुफ़ैल से तलाक़ पा कर दूसरे शौहर उबैदा से निकाह किया था। पस इस की भी मुतलक़ ज़रूरत ना थी कि आप नज़ीर (मिसाल)

बनें। आप से पहले लोग उस की नज़ीर (मिसाल) बने हुए थे। ज़रूरत सिर्फ इस की थी कि हज़रत मुतबन्ना (गोद लिए बेटे) की जोरू (बीवी) से इश्क़ लगाऐं और इस को तलाक़ दिलवाकर जोरू (बीवी) बनाएँ और ख़ुदा पर बोहतान बांधें और बंदों को गुमराह करें और अपने हामी मौलवियों को नादिम (शर्मिंदा) कराएं। मौलवी साहब हमको बताएं तो कि हज़रत की इस सुन्नत के बाद कितने लोगों ने अपने मुतबन्ना फ़रज़न्दों (गोद लिए बेटों) की जोरूओं (बीवीयों) से निकाह किया और अरब को फ़ायदा पहुंचाया? डिस्कवी साहब के उस्ताद हज़रत की सफ़ाई में ये भी फ़रमाते हैं और ये उन्हीं के हिस्से का कि :-

> "अगरचे कुछ दाल में काला मआज़ अल्लाह होता तो ये हाल आपकी किताब क़ुरआन-ए-मजीद में क्यों मज़्कूर किया जाता। कोई भी ऐसी खुफ़ीया बात को यूं इश्तिहार दिया करता है। दुश्मनों के मज़ाक़ पर पोशीदा या बग़ैर तस्रीह ही कार्रवाई मआज़-अल्लाह हो सकती थी। क़ुरआन शरीफ़ में बहर नमत (वज़अ-क़ता) इस के ज़िक्र से कुछ फ़ायदा ना था। फिर कौन इस क़िस्से को हमेशा याद रखता, चंद रोज़ में सूरत क़िस्से की बदल जाती।" (सफ़ा 56)

अजी हज़रत ऊंट की चोरी नहोरे नहोरे (नहूरा : ख़ुशआमदद : एहसान रखना) ज़ैद मुहम्मद ﷺ का 32 बरस का फ़र्ज़ंद (बेटा) इब्ने मुहम्मद ﷺ इस की जोरू (बीवी) पर य तिम्साल पर ग़ुस्ल की बेसतरी में आपका आशिक़ होना, ज़ैद का तलाक़ और मुहम्मद साहब का जोरू (बीवी) बनाना (نہان کئے ماند آن رازے کرو سازند محفلہا) ये दाल में काला नहीं बल्कि दाल में भैंसा था। क्या हज़रत के इम्कान क़ुदरत में था कि इस पर राख डाल देते इस मुआमले का "दुश्मनों के मज़ाक़ पर पोशीदा या बग़ैर तसरीह रहना" यारों की कोशिश से बाहर था और ईवान नबुव्वत मिस्मार हुआ जाता था। बजुज़ इस के कोई चारा ना था कि हज़रत ﷺ ख़ुदा पर बोहतान बांधें और अपनी बरीयत क़ुरआन-ए-मजीद से चाहें और जाहिल गँवारों की मत मारें। पस क़ुरआन-ए-मजीद में ये मुआमला आया और उस वक़्त हज़रत की नबुव्वत की क़लई ना खुली। पस क़ुरआन शरीफ़ में बहर-नमत उस के ज़िक्र से यह कुछ फ़ायदा था। अगर क़ुरआन-ए-मजीद में ये क़िस्सा यूं ना आता तो ये तो सच्च कि "कौन इस क़िस्से को हमेशा याद रखता" मगर फिर ये भी सच्च है कि हज़रत की नबुव्वत ताक़ निस्यान (भूल) में रखी हुई मिलती और आज

मौलवी साहिबान का वजूद ना होता। इस क़िस्से की मिसाल यूं है कि आप इश्क़ ज़ैनब को बहम नबुव्वत पर एक दुंबल तस्वीर फ़रमाएं। क़ुरआन-ए-मजीद में इस का वजूद एक नशतर (फोड़े को चीरने का औज़ार) है जिसने मवाद ख़ारिज करके एक दवामी (हमेशा का) दाग़ लगा दिया। अगर नशतर (फोड़े चीरने का औज़ार) ना लगता तो मरीज़ मुद्दत का मर चुकता, इस दाग़ ने बचा लिया। मगर दीदह्-ए-बसीरत चाहे मौलवी साहब बताएं तो, कि बजुज़ इस के "कौनसी कार्रवाई हो सकती थी?" क्या ये कि हज़रत ज़ैनब को छिपे छिपे अपने पास रखते और वो हमेशा ज़ैद की जोरो (बीवी) कहलाती और किसी को ख़ुफ़ीया कार्रवाई की ख़बर ना होती? हाँ हम मानते हैं कि ये मुम्किन था कि हज़रत ज़ैद को राज़ी कर लेते, उस का राज़ी होना दुशवार ना था। मगर आईशा और हफ़्सा से कैसे बच सकते जिन्हों ने एक दम में मारिया लौंडी का हाल जो आगे आएगा फ़ाश कर दिया था। वो इस ताल्लुक़ को बिलाताम्मुल मुश्तहिर कर देतीं और हज़रत की दिक्कतें और बढ़ जातीं। हज़रत ने जो तज्वीज़ सोची वो तमाम तज्वीजों से बेहतर थी और इस की मस्लिहत हम ने दिखा दी। अब तो मौलवी भी हमारी दाद देंगे।

# दफ़्अ दहुम

<u>मताइन (ताअने, तकलीफदेह एतराज़)</u>

इस निकाह से हज़रत पर ये इल्ज़ामात लगते हैं :-

1. उन्हों ने जिस रस्म को मान कर ज़ैद को अपना बेटा बनाया था और जिस रस्म को एक मुद्दत तक मानते रहे थे और जिस में कोई ख़राबी ना थी, उस को महज़ अपनी ग़रज़ नफ़सानीया (ख्वाहिश) की वजह से तोड़ा ताकि उन पर से इल्ज़ाम दफ़्अ हो। हालाँकि इस का एक जुज़ (हिस्सा) अपनी ग़रज़ के लिए हमेशा माना किए (मानते रहे) यानी उन की जोरू (बीवी) इन मुसलमानों की माँ हैं पर यहां डिस्कवी साहब के मुंह में ज़बान नहीं कि फ़रमाएं। "सिर्फ मुंह से कह देना बाहमी नाते रिश्ते में कोई कावह अम्र नहीं हो सकता। बाहमी रिश्ते नाते के वक़्त नसब और हक़ीक़त का एतबार होगा और अक़्ल भी यही चाहती

है।" (सफ़ा 53) जब मुहम्मद ﷺ फ़रमाते हैं अज़वाज उम्म्हात ताहम ना मालूम उस वक़्त आपकी अक़्ल कहाँ चरने चली जाती है?

2. एक औरत शौहरदार जिसका शौहर मिस्ल फ़र्ज़ंद के आप से इलाक़ा मुहब्बत रखता था, इस से हज़रत ने इश्क़ लगाया।

3. हज़रत चाहते थे कि ज़ैद ज़ैनब को तलाक़ दे मगर दिल के ख़िलाफ़ दिखाने को ज़बान से मना करते थे।

4. ज़ैद वफ़ादार की सादा-लौही और नासमझी से ना वाजिब फ़ायदा उठाया और इस से वो कराया जो कोई ना करता।

5. इन तमाम बातों को हज़रत ने ख़ुदा के हुक्म से मंसूब किया और ख़ुदा पर इल्ज़ाम लगाया कि उस ने उनको हुक्म दिया कि ज़ैनब से इस तरह निकाह कर लें और ख़ुद निकाह ख़ुदा ने कर दिया। ऐसी नापाक बातों को ख़ुदा से मंसूब करके सख़्त कुफ़्र किया।

# 9 - जुवेरिया के हालात

"एक ज़ौजा (बीवी) आपकी जुवेरिया बिंत हारिस थीं। जुवेरिया को एक मुसलमान ने लड़ाई बनी मुस्तलक़ में गिरफ़्तार कर लिया था। इस से इस ने क़रार कर लिया था कि कुछ रुपया लेकर मुझे आज़ाद कर देना। जुवेरिया ने आँहज़रत से इतना रुपया तलब किया। आपने उस को मर्हमत (रहम) फ़रमाया इस इनायत का मुआवज़ा और अपने रिहा हो जाने का शुक्रिया जुवेरिया ने ये अदा किया कि आप से अक़्द (निकाह) कर लिया। जूंही मुसलमानों ने इस अक़्द (निकाह) का हाल सुना कहने लगे। अब बनी मुस्तलक़ पैग़म्बर-ए-खुदा के एअज़ा में दाख़िल हैं पस उन से इसी तरह पेश आना चाहिए.....चुनान्चे क़रीब सवासेरों के मअ-अयाल (ख़ानदान) व इत्फ़ाल (बाल-बच्चे) रिहा कर दिए।" (सफ़ा 310) इस के हालात सय्यद साहब ने बड़े तसर्रुफ़ के साथ बयान किए हैं जिसमें सिर्फ हज़रत की फ़य्याज़ी और करम दिखाना मंज़ूर है, मगर हज़रत उस को आज़ाद कराने से क़ब्ल इस पर आशिक़ हो चुके थे और इसी उम्मीद से आज़ाद किया था कि जोरू (बीवी) बनाएं क्योंकि "ये औरत निहायत शीरीं और मलीह और साहिबे हुस्न व जमाल इस दर्जे में थी कि जो उसे देखता फ़रेफ़्ता (दीवाना) होता। उम्र इस की 20 साल थी।" (मिन्हाज, सफ़ा 869-870) इस को देखकर हज़रत ज़ब्त (क़ाबू) कैसे कर सकते वो भी फ़रेफ़्ता हो गए। चुनान्चे ख़ुद हज़रत की प्यारी बीबी आईशा ؓ से मन्क़ूल है कि :-

> "रसूल-ए-ख़ूदा एक चश्मा आब पर मेरे साथ बैठे हुए थे कि यकायक जुवेरिया पैदा हुई, आतिश ग़ैरत मेरे दर्मियान पड़ी कि मबादा हज़रत तरफ़ उस के रग़बत करें और मुंसलिक अज़्वाज में अपने इसे लाएं।" (एज़न)

ये औरत भी सुन चुकी होगी कि इस के मुत्आ-ए-हुस्न व जमाल का ख़रीदार इस बाज़ार में कौन है और कौन सबसे ज़्यादा क़द्र करेगा। चुनान्चे वो हज़रत के पास आई और बयान किया कि मैं असीर (क़ैदी) हूँ और जिस तरह बिल्ली ख़ुदा के लिए चूहे नहीं मारती, हज़रत भी नाम अल्लाह के लिए औरत रिहा नहीं करते। आपकी ग़रज़ और है, इश्क़ में मुब्तला हो चुके थे और अपने दिल को आज़ाद करते हैं फ़रमाया "तेरी

मुराद हासिल करता हूँ।....और तुझे अपने हिबाला (रिश्ता) निकाह लाऊँ।" (सफ़ा 870) मगर एक बात याद रखना चाहीए कि ये औरत हारिस सिपहसालार की बनी मुस्तलक़ की दुख्तर (बेटी) थी। इस का बाप इस का फ़िद्या देने वाला था। चुनान्चे वअक़दी में लिखा है कि :-

> "वो वास्ते फ़िद्या देने अपनी लड़की के आया था और निकाह करना हज़रत का जुवेरिया से नागवार हुआ, मगर उस के क़राबत दारों (रिश्तेदारों) में से एक ने अक़्द (निकाह) तज़वीह जुवेरिया का हज़रत अलैहिस्सलाम से कर दिया था। तब हारिस ने इस बात पर इस शख़्स को सख़्त मलामत की।" (वअक़दी, सफ़ा 302)

मालूम होता है कि हज़रत को भी हारिस के आने का अंदेशा था कि वो निकाह से मानेअ (रुकावट) होगा। फ़िद्या देकर छुड़ा ले जाएगा। इस वजह से हज़रत ने जल्दी की झट से निकाह को ठहराया और जुवेरिया के रिश्तेदारों को असीरी (क़ैद) से रिहाई का वाअदा बशर्त निकाह देकर उन को निकाह कर देने पर राज़ी कर लिया जिसको हारिस ने नफ़रत की निगाह से देखा। यहां से जुवेरिया के लोगों की रिहाई का सबब अयाँ है। पस बनी मुस्तलक़ के असीरों (क़ैदियों) का रिहा होना ये कोई बड़ी फ़य्याज़ी ना थी।

अव्वल तो ये उनकी ख़िदमात का सिला था या ना सही। हज़रत ने अपनी माशूक़ा का दिल ख़ुश करने को ये किया होगा और इस में भी अपनी गाँठ से किया खोया, माल-ए-मुफ़्त दिल बेरहम। मुसलमानों ने अपने सिपहसालार मुहम्मद ﷺ की ख़ुशनुदी के लिए ये किया और ऐसा होता ही है। मगर नहीं इस में भी बड़ा भेद था। हज़रत ﷺ का सरासर फ़ायदा था क्योंकि जुवेरिया का सिदाक यानी काबीन (महर) आज़ादी बनी मुस्तलक़ के असीरों (क़ैदियों) को गिरदाना। वाक़दी भी लिखता है कि :-

> "रसूल ख़ुदा इस्लाम ने जुवेरिया बिंत हारिस से निकाह किया और महर इस का ये मुक़र्रर किया कि बाअज़ जो क़ौम जुवेरिया से असीर (क़ैदी) थे उनको रिहा कर दिया और ये अम्र बाद आने हारिस के हुआ।" (सफ़ा 304)

और ये शर्त-ए-अव्वल इस वजह से हुई कि रिश्तेदार उस के निकाह में उज़्र ना करें, वर्ना बाप जुवेरिया का सख़्त मुख़ालिफ़त पर था। दोम, महर के तावान से नजात पाएं। सोम, औरत का दिल ख़ुश करके इस से अपना जी ठंडा रहा करें। बहरहाल निकाह तो क्या ही था कुछ महर भी चाहीए। ऐसी शीरीं व तबअ हसीन व जमील नौ उरूस (नई दुल्हन) सिपहसालार बनी मुस्तलक़ की बेटी का कुछ महर होना वो आज़ादी असीरां था। तारीफ़ इस में जुवेरिया की है कि इस ने अपना महर ऐसा क़ुबूल किया जिसमें सौ जानें छूट गईं और इस को इस से कुछ हासिल ना हुआ। मुहम्मद ﷺ ने किया क्या? जोरू (बीवी) बना लिया और बस। यही उन की फ़य्याज़ी है, यही उनकी हात्मी।

# 10 - सफ़ीया‎ؓ के हालात

“मुजाहिदीन में से एक साहब ने जंगे ख़ैबर में एक यहूदिया सफिया नामी को भी गिरफ़्तार कर लिया था। इस को भी आँहज़रत ने अपनी जोरू (बीवी) करम को काम फ़र्मा कर रिहा कर दिया और ख़ुद इस की ख़्वाहिश से और इस की रज़ा व रग़बत से इस के साथ निकाह करके उस को शर्फ़ ज़ौजीयत (बीवी होने का शर्फ) बख़्शा।” (सफ़ा 211) “इस की ख़्वाहिश से और इस की रज़ा व रग़बत से “इस की क्या ज़रूरत थी जो आप ताकीद करते हैं। हमको शुब्हा होता है शायद वो जबरन जोरू (बीवी) बनाई गई। कुल क़रीना (बहमी बातों का ताल्लुक़) इसी का है, तारीख़ हमारे साथ पढ़ीए।

# दफ़्अ अव्वल

**सफिया का बेवा होना**

असल हाल ये है कि “सफिया बिंत हय्यी बिन अख़्तब “बेवा” पिसर (बेटी) अबी अतीक़ थी जिनका नाम कनाना था। वो हज़रत ﷺ के हुजू (बुराई) में अशआर कहता था और वो लोगों में बड़ा शायर मशहूर था। चुनान्चे हज़रत ने उस पर चंद अश्ख़ास को मुक़र्रर करके भेजा था कि इन्हों ने इस को क़त्ल किया था।” (वाक़दी 314-315)

# दफ़्अ दोम

**बाप की जवाँमर्दी, बतल (बहादुरी) व तक्ज़ीब मुहम्मद ﷺ (हुज़ूर को झुठलाना)**

इस के बाप हय्यी बिन अख़्तब को किसी हज़रत ने ग़ज़वा (जंग) बनी क़ुरैज़ा के असेरों (क़ैदियों) के साथ क़त्ल किया था। वो वाक़िया यूं है कि “जिस वक़्त हय्यी अख़्तब हाज़िर किया गया था तो इस से रसूल अल्लाह सलअम ने फ़रमाया ऐ हय्यी

क्या तुझ को ख़ुदा ने ख़्वार नहीं किया।" ये क़सावत क़ल्बी (संग-दिली) थी, मक़्तल पर जिला दियों ताना जिगर रेश सुनाता है। इस ने कहा बड़ी दिलेरी व तहो़वुर (इंतिहाई दिलेरी) से जो ऐसे वक़्त में काबिल ए दाद है हर ज़ी-रूह ज़ाइफ़ा मौत का पाने वाला है और मेरे लिए भी एक वक़्त मुईन था कि मैं इस से तजावीज़ नहीं कर सकता।" रज़ा-ब-क़ज़ा इस को कहते हैं। हक़ीक़ी इस्लाम इस का नाम है। "और तुम्हारी ज़िद व अदावत पर मैं अपने नफ़्स को मलामत नहीं करता।" ये यहूदी था। मुहम्मद ﷺ की बद अख़्लाक़ियों और ख़ून रेज़ियों से उन को दुश्मन ख़ुदा और दुश्मन ख़ल्क़-ए-ख़ुदा जानता था। पस ज़िद व अदावत पर मुस्तइद था। और "मैं आज वक़्त फ़िराक़ दुनिया की गवाही देता हूँ इस बात पर कि तुम काज़िब हो।" शाबाश ऐ हय्यी शाबाश ऐ शहीद राह ख़ुदा शाबाश ऐ इस्राईल के पुत ! दम-ए-वापसीं (नज़ाअ का वक़्त) की शहादत है। इस शहादत पर हय्यी अपने ख़ून से मुहर लगाता है। अगर चाहता कलिमा कह कर अस्हाब मुहम्मद ﷺ में दाख़िल हो जाता, मगर नहीं ज़बान उस के दल के मुताबिक़ है। "और बे-शुबह मैं तुम्हारा दुश्मन हूँ। पस हज़रत अलैहिस्सलाम ने हुक्म उस के क़त्ल का किया।" कुछ इबरत ना हासिल की, ऐसे सादिक़ नासेह (नसीहत करने वाले) का ख़ून बहाया। ताआनका वो क़रीब अहजारूलज़ीयत के जो मदीना में बाज़ार की जगह है मारा गया।" (वाक़दी, सफ़ा 295)

बरमज़ारे मा ग़रीबां ने चराग़े न
ने पर-ए-परवाना बाशद ना शोर-ए-बुलबुले

सफिया के शौहर को तो हज़रत इस तरह क़त्ल करा चुके थे, उस के बाप को हज़रत यूं संग-दिली से आँखों के सामने क़त्ल कराते हैं। हय्यी का ख़ून तुमको ऐ मुहम्मद ﷺ ज़मीन से पुकारता है।

# दफ़्अ सोम

## इस्लाम सफ़ीह*

सफिया को ये हालात मालूम हैं। ये दलाईल नबुव्वत व आसार पैग़म्बरी हज़रत के मुशाहिदा कर चुकी है। चुनान्चे मुअर्रिख़ लिखता है कि जब हज़रत के पास पहुंची "हक़ तआला ने सफिया के दिल पर रूश्द व हिदायत इल्क़ा किया" हैफ़ (अफ़्सोस) है।

"तब उन्होंने अर्ज़ की या रसूल अल्लाह वल्लाह जब मैं मदीना ही में थी तो ख़्वाहिश इस्लाम रखती थी और इस्लाम मुझको ख़ुश आता था। बादअज़ां मुझको इस्लाम में रग़बत होती रही।" हमको ये सब यक़ीन करना चाहीए क्यों कि वल्लाह (अल्लाह कि क़सम) के साथ है" और यहूदीयों में मेरा कौन है, ना उनमें मेरा बाप है, ना भाई है कि आपने मेरे बाप और मेरी चचा की बेटे और मेरे भाई सबको क़त्ल किया मगर मुहम्मद ﷺ को इबरत नहीं होती। यही बातें तो सफिया की रूश्द व हिदायत का बाइस होती हैं। "'पस अब तो अल्लाह और रसूल और इस्लाम मुझको महबूब तर हैं" (सफ़ा 315)

ے एक आफ़त से तो मर मर के हुआ था जीना
पड़ गई और ये कैसी मेरे अल्लाह नई

पुरानी रोशनी के लोग इस बात की हक़ीक़त से ज़्यादा आगाह थे। चुनान्चे जब अबू अय्यूब अंसारी हुज़ूर (सामने) में नबी ﷺ के आए थे तो उन से हाल सफिया का और उन के अहले का जिनको क़त्ल किया था आप ने ज़िक्र किया। पस अबू अय्यूब को सफिया ؓ से हज़रत की निस्बत अंदेशा हुआ कि वो सोते में इन को क़त्ल करेगी। तब अबू अय्यूब हज़रत की निगहबानी के लिए सारी रात दर-ए-ख़ेमा पर शब-बाश (रातभर पहरा देते) रहे। सुबह को हज़रत ने अबू अय्यूब से दर्याफ़्त किया। "उन्होंने अर्ज़ की कि मुझको आप पर सफिया की जानिब से ख़ौफ़ आया कि मबादा वो आपको अपने बाप के एवज़ सोते में क़त्ल करे, इसलिए मैंने निगहबानी में यहीं शब बसर (रात गुज़ारी) की। आँजनाब अलैहिस्लाम ने उन की तारीफ़ व तहसीन फ़रमाई। (सफ़ा 5)

# दफ़्अ चहारुम

## सफ़ीह॰ का हुस्न व जमाल व हज़रत का इश्क़

ये औरत बड़ी हसीना नौ उरूस (नई दुल्हन) 17 बरस की थी। "जब सफिया मदीना में पहुंची अंसार की निसाओं (औरतों) ने आवाज़ा (चर्चा) इस के हुस्न व जमाल का सुना था, वास्ते तफ़र्रुज (दीदार) के इस के पास गईं।" और आईशा॰ भी छुप कर अपनी सौत (सौतन) को देखने को गई थी। (मिन्हाज सफ़ा 874) चुनान्चे लिखा है :-

> "सफिया ख़ैबर के असीरों (क़ैदियों) में से थी और नौ अरूस (नई शादीशुदा) 17 बरस की। पस ज़िक्र किया उस के हुस्न व जमाल का रसूल-ए-ख़ूदा के हुज़ूर (सामने), पस पसंद किया इस जनाब ने इस को अपने वास्ते।.....सफिया असीरों (क़ैदियों) में थी और दहिय कलबी के सहम में आएं और अर्ज़ की लोगों ने हज़रत से कि या रसूल अल्लाह वो निहायत जमीला (खुबसूरत) है और सरदार-ए-क़बीला और यहूद के शाहों से एक बादशाह की बेटी है। हारून पैग़म्बर की औलाद में से, मुनासिब ये है कि वो मख़्सूस आपसे हों और अस्हाब (सहाबा) के दरम्यान मानिंद दहिय के बहुत हैं और ग़नीमत में सफिया की मानिंद कम याब।....बाअज़ रिवायतों में आया है कि दहिय को हज़रत ने सफिया के चचा की बेटी दी एवज़ (बदले) में सफिया के, और एक रिवायत में यूं आया है कि ख़रीद फ़रमाया सफिया को दहिय से सात जारीया (लोंडियां) देकर।" (मिन्हाज, सफ़ा 502)

और सफिया का ये वाक़िया तो सहीह मुस्लिम में है, पारा दोम :-

<u>सहीह मुस्लिम - जिल्द दोम - निकाह का बयान - हदीस 1004</u>

रावी ज़हीर बिन हर्ब इस्माईल इब्ने अलैहि अब्दुल अज़ीज़ अनस

حَدَّثَنِي زُهَيْرُ بْنُ حَرْبٍ حَدَّثَنَا إِسْمَعِيلُ يَعْنِي ابْنَ عُلَيَّةَ عَنْ عَبْدِ الْعَزِيزِ عَنْ أَنَسٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ غَزَا خَيْبَرَ قَالَ فَصَلَّيْنَا عِنْدَهَا صَلَاةَ الْغَدَاةِ بِغَلَسٍ فَرَكِبَ نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَرَكِبَ أَبُو طَلْحَةَ وَأَنَا رَدِيفُ أَبِي طَلْحَةَ فَأَجْرَى نَبِيُّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فِي زُقَاقِ خَيْبَرَ وَإِنَّ رُكْبَتِي لَتَمَسُّ فَخِذَ نَبِيِّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ وَانْحَسَرَ الْإِزَارُ عَنْ فَخِذِ نَبِيِّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَإِنِّي لَأَرَى بَيَاضَ فَخِذِ نَبِيِّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَلَمَّا دَخَلَ الْقَرْيَةَ قَالَ اللَّهُ أَكْبَرُ خَرِبَتْ خَيْبَرُ إِنَّا إِذَا نَزَلْنَا بِسَاحَةِ قَوْمٍ فَسَاءَ صَبَاحُ الْمُنْذَرِينَ قَالَهَا ثَلَاثَ مَرَّاتٍ قَالَ وَقَدْ خَرَجَ الْقَوْمُ إِلَى أَعْمَالِهِمْ فَقَالُوا مُحَمَّدٌ وَاللَّهِ قَالَ عَبْدُ الْعَزِيزِ وَقَالَ بَعْضُ أَصْحَابِنَا مُحَمَّدٌ وَالْخَمِيسُ قَالَ وَأَصَبْنَاهَا عَنْوَةً وَجُمِعَ السَّبْيُ فَجَاءَهُ دِحْيَةُ فَقَالَ يَا رَسُولَ اللَّهِ أَعْطِنِي جَارِيَةً مِنَ السَّبْيِ فَقَالَ اذْهَبْ فَخُذْ جَارِيَةً فَأَخَذَ صَفِيَّةَ بِنْتَ حُيَيٍّ فَجَاءَ رَجُلٌ إِلَى نَبِيِّ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ فَقَالَ يَا نَبِيَّ اللَّهِ أَعْطَيْتَ دِحْيَةَ صَفِيَّةَ بِنْتَ حُيَيٍّ سَيِّدَةَ قُرَيْظَةَ وَالنَّضِيرِ مَا تَصْلُحُ إِلَّا لَكَ قَالَ ادْعُوهُ بِهَا قَالَ فَجَاءَ بِهَا فَلَمَّا نَظَرَ إِلَيْهَا النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ خُذْ جَارِيَةً مِنَ السَّبْيِ غَيْرَهَا قَالَ وَأَعْتَقَهَا وَتَزَوَّجَهَا فَقَالَ لَهُ ثَابِتٌ يَا أَبَا حَمْزَةَ مَا أَصْدَقَهَا قَالَ نَفْسَهَا أَعْتَقَهَا وَتَزَوَّجَهَا حَتَّى إِذَا كَانَ بِالطَّرِيقِ جَهَّزَتْهَا لَهُ أُمُّ سُلَيْمٍ فَأَهْدَتْهَا لَهُ مِنَ اللَّيْلِ فَأَصْبَحَ النَّبِيُّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ عَرُوسًا فَقَالَ مَنْ كَانَ عِنْدَهُ شَيْءٌ فَلْيَجِئْ بِهِ قَالَ وَبَسَطَ نِطَعًا قَالَ فَجَعَلَ الرَّجُلُ يَجِيئُ بِالْأَقِطِ وَجَعَلَ الرَّجُلُ يَجِيئُ بِالتَّمْرِ وَجَعَلَ الرَّجُلُ يَجِيئُ بِالسَّمْنِ فَحَاسُوا حَيْسًا فَكَانَتْ وَلِيمَةَ رَسُولِ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ

**तर्जुमा :-**

**"ज़हीर बिन हर्ब, इस्माईल, इब्ने अलैहि, अब्दुल अज़ीज़, हज़रत अनस रज़ीयल्लाह तआला अन्हो से रिवायत है कि रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने ख़ैबर का ग़ज़वा (जंग) लड़ा हमने इस ख़बीर के पास ही सुबह की नमाज़ अंधेरे में अदा की तो अल्लाह के नबी सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम सवार हुए और अबू तल्हा भी सवार हुए और मैं अबू तल्हा के पीछे बैठा नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने ख़ैबर के कूचों में दौड़ लगाना शुरू की और मेरा घुटना अल्लाह के नबी सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम की रान (जांघ) से लग जाता था और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम का इज़ार (पजामा) भी आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम की रान (जांघ) से खिसक गया था और मैं अल्लाह के नबी सल्लल्लाहो**

अलैहि व आले वसल्लम की रान (जांघ) की सफ़ेदी देखता था जब आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम बस्ती में पहुंचे तो फ़रमाया अल्लाहु अकबर اَللّٰہُ اَکۡبَرُ ख़ैबर वीरान हो गया बे-शक हम जब किसी मैदान में उतरते हैं तो इस क़ौम की सुबह बरी हो जाती है जिनको डराया जाता है इन अल्फ़ाज़ को आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने तीन मर्तबा फ़रमाया और लोग अपने अपने कामों की तरफ़ निकल चुके थे उन्होंने कहा मुहम्मद (सल्लल्लाहो अलैहि वसल्लम) आ चुके हैं अब्दुल अज़ीज़ ने कहा कि हमारे बाअज़ साथीयों ने ये भी कहा कि लश्कर भी आ चुका रावी कहते हैं हमने ख़ैबर को जबरन फ़त्ह कर लिया और क़ैदी जमा किए गए और आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम के पास दहिय हाज़िर हुए और अर्ज़ किया ऐ अल्लाह के नबी मुझे क़ैदीयों में से बांदी अता कर दें आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने फ़रमाया जाओ और एक बांदी ले लो उन्होंने सफिया रज़ीयल्लाहु तआला अन्हा बिंत हय्यी को ले लिया तो अल्लाह के नबी सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम के पास एक आदमी ने आकर कहा ऐ अल्लाह के नबी आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने दहिय को सफिया बिन हय्यी बनू-क़ुरेज़ा व बनू-नज़ीर की सरदार अता कर दी वो आपके इलावा किसी के शायान-ए-शान नहीं आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने फ़रमाया दहियह को बांदी के हमराह (साथ) बुलाओ चुनान्चे वो इसे लेकर हाज़िर हुए जब नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने उसे देखा फ़रमाया कि तू इस के इलावा क़ैदीयों में से कोई बांदी ले-ले और आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने उन्हें आज़ाद किया और उनसे शादी की साबित रावी ने कहा ऐ अबू हमज़ा इस का महर किया था? फ़रमाया उनको आज़ाद करना और शादी करना ही महर था जब आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम रास्ते में पहुंचे तो उसे उम्म सलीम ने तैयार कर के रात के वक़्त आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम की ख़िदमत में भेज दिया और नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने बहालत उरूसी (दूल्हा) सुबह की। आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने फ़रमाया जिसके पास जो कुछ हो वो ले आए और एक चमड़े का दस्तरख्वान बिछवा दिया चुनान्चे बाअज़ आदमी पनीर और बाअज़ खजूरें और बाअज़ घी लेकर हाज़िर हुए फिर उन्होंने इस सबको मिला कर मलीदा हलवा तैयार कर लिया और यही रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम का वलीमा था।"

फिर लिखा है कि आज़ादी इस का महर था। देखो इस 17 बरस की हसीना व जमीला (सीरत व सूरत कि खुबसूरत) शहज़ादी को एक हरीफ़ उड़ाए लिए जाता था। हज़रत ने ताड़ा (उर्दू में ताड़ना घूरने को कहते हैं) और दहियह के हाथों से बक़ौल जनाब "अपने जोरू (बीवी) करम को काम फ़र्मा कर रिहा कर दिया।" वाह-रे जोरू (बीवी) करम वाह हातिम की गुर पर लात मारना इसी को कहते हैं।

बक़ौल सादी शीराज़ी :-

شنیدم گوسپندے رابزرگی    رہانیدازدہان ودست گرگے

شبان گاہ کاروبر خلقش بمالید    روان گوسپندازوی بنالید

کہ ازچنگال گرگم درربودی    چوویدم عاقبت گرگم توبودی

शनेदम गो सिपन्दे राबुज़रगी    रहा नीद अज़दहान वदस्त गर्गे
शबान गाह कारव बर ख़लकश बमालीद    रवाँ गो सपनदाज़वी बुना लीद
कि अज़ चुंगल गिर गुम दरर बोदी    चूविदम आक़िबत गर्गम तो बोदी

अबुलफिदा में है कि "सफिया से रसूल मक़्बूल ने अपना निकाह किया और आज़ाद कर देना इसका महर मुक़र्रर फ़रमाया।" (सफ़ा 331) बहर-ए-हाल उस को जोरू (बीवी) बनाया और इस के सिले में जो कुछ इस से किया, सुलूक या बद सुलूक इसके लिए हम मुहम्मद ﷺ की नबुव्वत के मशकूर हैं। हमको ये आज़ादी बिल्कुल जुवेरिया की आज़ादी मालूम होती है।

# दफ़्अ पंजुम

**<u>सफ़ीह</u>** 

**सफ़ीह से जबरन सोहबत**

**मगर आपके सुख़न (कहने) में है कि हज़रत ﷺ ने ख़ुद इस की ख़्वाहिश से और इस की रज़ा व रग़बत से इस के साथ निकाह किया। इस में कलाम ही क़रीना (वाक्यात का ताल्लुक़) इस के ख़िलाफ़ है क्योंकि रोज़तुल-अहबाब जिल्द अव्वल सफ़ा 595 में है :-**

"چوں بمنزلے رسیدند کہ انراتبار میگفتند واز انجاتا خیبر شش میل راہ است خواست کہ بادے زفاف کند صفیہ راضی نشد امتناع نمود چنانچہ حضرت ازوی در غضب رفت وچوں بمنزل صہبار سیدند باام سلیم مادرانس گفت کار سازی دے بکسنید کہ امشب بادی زنان خوہم کردرام سلیم بموجب فرمودہ اورا نجیمہ بردو موے سر دے شانہ کردواوراخوش بوے ساخت ام سلیم گوید صفیہ زنے بود بغایت جوان چنانچہ درانوقت ھنوز ہفتدہ مصالہ بود وزینت وزیوروپرامی برازید باوگفتم چون پیغمبر صلم پیش توآید برخیزی واقبال نمائی بروے وامتناع نہ نمائی صفیہ قبول نمودہ دران منزل حضرت باوے زفاف نمود"۔

**ये अच्छी उम्म सलीम थी। जो इन जवान औरतों को इस औरतें और ख़ुशबू पसंद करने वाले नबी से बना कर सिंगार करा कर मिलाया करती थी। ऐसी औरतों को कुटनी (दलाला) कहते हैं। मगर बटाला के मौलवी की ज़बरदस्ती भी क़ाबिल-दाद है। आप फ़रमाते हैं "हज़रत सलअम ने हज़रत सफिया के जमाल बा-कमाल के शौक़ से इनसे निकाह नहीं किया बल्कि सिर्फ उन की दरख़्वास्त से।" (सफ़ा 187) ये होता तो उनके होते इसी साल दो बूढ़िया औरतों (उम्म हबीबह ؓ व मैमूना ؓ ) से आप का निकाह हरगिज़ ना होता, कि किस दर्जा हज़रत सफिया पर शैदा (फ़िदा) थे और कैसी कैसी बेसब्री करते थे उम्मे सलीम की मदद लेते थे और मुतलक़ ना ख़्याल करते थे कि ये औरत जिसके अज़ीज़ रिश्तेदारों का ख़ून अभी ज़मीन पर सूखा भी नहीं ज़रा दम लेने पाए। कुछ तो हम दिखा चुके और कुछ और आगे दिखाएँगे। उम्म हबीबा ؓ और मैमूना ؓ का हाल आइन्दा आएगा कि किस ग़रज़ से उन से निकाह था।**

**देखो पहली मंज़िल तक तो ये सफिया हज़रत से राज़ी ना हुई और कह चुकी थी "आप ने मेरे बाप और चचा के बेटे और मेरे भाई सबको क़त्ल किया।" बेचारी अपने बाप, भाई और शौहर के क़ातिल से राज़ी होती कैसे? और जब हज़रत ख़ेमा में इस के साथ रात बसर करते हैं तो अबू अय्यूब पहरा लगाते हैं, मबादा वो हज़रत को अपने**

बाप के एवज़ (बदले) सोते में क़त्ल कर डाले और इसी को जनाब फ़रमाते हैं "ख़ुद सफिया की ख़्वाहिश से और उस की रज़ा व रग़बत से उस के साथ निकाह किया।" शायद रज़ा व रग़बत की तारीफ़ हाई कोर्ट कलकत्ता में आप भी करते हैं। इस को ज़िना बिलजब्र (ज़बरदस्ती से किया गया ज़िना) कहते हैं। मगर आप इस को "जोदो करम को काम फ़रमाना" कहते जाएं या कुछ और कहें ज़बान आपकी है।

## 11 - मैमूना[र] का हाल

"मैमूना जिनसे आप ने मक्का में अक़्द (निकाह) किया था, आपकी अज़ीज़ थीं और पच्चास बरस से ज़्यादा उनका सन (उम्र) हो चुका था। उनका निकाह जो आपके साथ हुवा तो एक फ़ायदा तो इस से ये हुआ कि एक ग़रीब रिश्तेदार की गुज़ारन (गुज़ारा) की सूरत निकल आई, दूसरा फ़ायदा ये हुआ कि मशहूर व माअरूफ़ शख़्स इस्लाम के शरीक हो गई यानी अब्दुल्लाह इब्ने अब्बास और ख़ालिद बिन वलीद।" (सफ़ा 311)

# दफ़्अ अव्वल

## मैमूना के रिश्तेदार

निकाह मैमूना[र] सन सात हिज्री में हुआ। अगर दरअसल मैमूना की उम्र 50 बरस की थी तो हज़रत उस वक़्त अच्छे ख़ासे साठे सोपाहटी थे, क्या बुरा जोड़ा था। हज़रत की जोरूओं (बीवीयों) में इनसे ज़्यादा उम्र वाली कोई ना थी। मगर बुढ़ी ये भी ना थीं। इनके हुस्न व जमाल और काठी और तबीयत का हाल हज़रत के सुख़न (फरमान) से अयाँ है। चुनान्चे मुहम्मद हुसैन साहब अपने ख़ुत्बा में (सफ़ा 330) नक़्ल करते हैं :-

> "आप ने अपनी अजवाज-ए-मुतह्हरात (पाक बीवीयां) उम्मे सलमा और मैमूना को एक नाबीना से पर्दा ना करने और ये उज़्र करने पर कि वो अंधा है ये फ़रमाया कि क्या तुम भी अंधीयाँ हो?, क्या तुम इस को नहीं देखतीं?"

हज़रत को फ़ित्ना का अंदेशा था। मैमूना की माँ का नाम हिंद था। इस की कई बेटियां थीं, सब हुस्न व जमाल के लिए मशहूर बेटियां चार (4) थीं मगर दामाद छः (6) हुए। एक दामाद उस के अब्बास थे, एक जाफ़र बिन अबी तालिब, एक अबू-बकर थे और एक हज़रत ﷺ भी इस के दामाद थे। क्योंकि उस की "एक बेटी अस्मा बिन्त अमीस जो मशहूर साहिबे हुस्न व जमाल थी।" यकेबाअद दीगरे जाफ़र, अबू बक्र और अली से ब्याही गई और वलीद बिन मुग़ीरह ख़ालिद का बाप भी इस का एक दामाद था और ख़ालिद मैमूना का सगा भांजा था। (मिन्हाज जिल्द 2, सफ़ा 275) ये हमने इसलिए लिखा मबादा हमारे सय्यद साहब कह दें कि मैमूना बे वाली वारिस दर-ब-दर मारी मारी फिरती थी और हज़रत ने "जोदो करम को काम फ़रमाया।" मौलवी मुहम्मद हुसैन कहते हैं :-

> "मैमूना के निकाह से बेवा पर्वी के इलावा एक अजीब व लतीफ़ रहीमाना पोलेटिकल पालिसी मद्द-ए-नज़र थी। हज़रत मैमूना मक्का वाले और आंहज़रत ﷺ के जानी दुश्मनों के अक़्रिबा (रिश्तेदार) थीं।... आंहज़रत ﷺ उमरतुल-क़ज़ा (उमराह) के लिए मक्का मुकर्रमा में पहुंचे तो आप ने मैमूना को निकाह का पयाम भेजा। हज़रत अब्बास ने आंहज़रत ﷺ से उनका निकाह कर दिया। जब उमरा से फ़ारिग़ हुए और तीन रोज़ मुद्दत क़ियाम मक्का के गुज़र गए तो कुफ़्फ़ार मक्का इख़राज (बाहर निकलने) के ख़्वाहां हुए। मैमूना के रिश्तेदार ﷺ के पास आकर बोले हम आपको अहद याद दिला कर कहते हैं कि आप मक्का से निकल जाएं। अब तीन दिन अहद के गुज़र हैं। आंहज़रत ﷺने पोलेटिकल मस्लिहत का भरा हुआ ये कलिमा फ़रमाया कि मैं ने तुम्हारी क़ौम में से एक औरत से यहां निकाह किया है। मैं इस से ज़िफाफ (हमबिस्तरी) चाहता हूँ। इस कलाम मोअजिज़ा निज़ाम और इस पालिसी पोलेटिकल मस्लिहत की भरी हुई ने इस वक़्त लोगों पर असर ना किया।" (सफ़ा189-190)

ये तो मालूम है कि ना ये औरत मुहताज थी, ना बे-वाली वारिस (लावारिस)। जमाल के लिए ये ख़ानदान मशहूर था। उम्र के लिहाज़ से हज़रत से 10 बारह बरस कम। पोलेटिकल पालिसी भी इस निकाह से ये मंज़ूर थी कि मक्का में क़ियाम करने

और नक़ज़ अह्द करने का हीला (बहाना) हाथ लगे। पस हम ख़ुरमा वहम सवाब (वो फेअल (अमल) जिसमें लज़्ज़त भी हो और कार-ए-ख़ैर भी) का मज़्मून था और सफिया के बाद इस औरत से निकाह करना बेमहल (बेमौक़ा) ना था। और ना पुलाव क़ोरमा वाली तक़रीर आपको जैब देती है। मैमूना को "जौ की सूखी रोटी" कहना बजा था। हज़रत कभी कभी ये बेसनी रोग़नी रोटी भी खा लेते थे। कोई ताज्जुब का तअन नहीं। रही ये बात कि अब्दुल्लाह और ख़ालिद मुसलमान हो गए तो ये भी उम्मीद की जाती है कि मैमूना का भांजा या बहनोई हज़रत का भांजा या हमज़ुल्फ़ (साड़ू) बनने के वास्ते जो कुछ करते थोड़ा था। अब तो हज़रत अरब के बादशाह थे। सालों, सुसरों की क्या कमी थी।

# दफ़्अ दोम

**<u>हिबा नफ़्स (यानी किसी औरत का अपने आपको हुज़ूर को सौप देना)</u>**

**मगर इस बीबी के निकाह की कैफ़ीयत क़ाबिल शुनीद (सुनी सुनाई) है। उन्हों ने अपना नफ़्स (अपने आपको) हज़रत को बख़्श दिया था। ये नफ़्स बख़्शी (किसी औरत का अपने आपको किसी मर्द को सौपना) मुसलमानों को अब नसीब नहीं। ये ख़ास हज़रत की ज़ात की रिआयत थी। बिला-महर (बगैर महर) जिस औरत को चाहें ले सकते थे। मैमूना ने अपना नफ़्स (अपने आपको) हज़रत को यूं बख़्श दिया और आयत (सुरह अहज़ाब रुकूअ 7 हिबा नफ़्स (यानी किसी औरत का अपने आपको हुज़ूर को सौंपना) इस पर नाज़िल हुई थी। (मिन्हाज 2 सफ़ा 876)**

**हिबा नफ़्स (यानी किसी औरत का अपने आपको हुज़ूर को सौप देना) नुज़ूल आयत हिबा के लोगों को कैसा मालूम पड़ता था, हम अज्वाज मुहम्मद ﷺ की शहादत इस पर पेश करते हैं :-**

"کلینی بسند حسن ازامام محمد ﷺ باقر روایت کرذاست کہ زنے ازالضار بخدمت رسول آمد خود را مشاگی کروہ جامہائے نیکو پوشیدہ ورانوقت حضرت بخانہ حفصہ یود پس گفت یارسول اللہ اگر ترا یمن حاجت سنت نفس خود رابتومی بخشم اگر قبول کنی مراپس حضرت اور ادعائے خیر کرد حفصہ ان زن راملامت کردو گفت چہ بسیار کم است حیائی تو وچہ بسیار جرات می نمائی وحرص برمردان داری" **(हयात-उल-कुलूब ,सफ़ा 568)।**

**इसी तरह कई औरतों ने अपना नफ़्स (यानी अपने आपको) रसूल को बख़्शा। ये मैमूना बीबी ऐसी ही थीं और हफ़्सा ने जो कहा लारेब (बेशक) हक़ है सुरमू ख़िलाफ़ नहीं। मगर आज किसी मुसलमान की बेटी अपना नफ़्स (अपने आपको) किसी को इस तरह बख़्शने जाये तो वो वही कहेगा जो हफ़्सा ने कहा था।**

# दफ़्अ सोम

## अज़्वाज हज़रत ﷺ (हज़रत की बीवीयों) की बद-गुमानी

हम मारिया का हाल जिससे सय्यद साहब ने क़तई इन्कार किया है आगे लिखेंगे, मगर यहां मैमूना का हाल कुछ और लिखते हैं ताकि नाज़रीन को मालूम हो जाये कि हज़रत की औरतें कैसा उन को बे-इख़्तियार समझती थीं और किस-किस तरह की हरकतें औरतों के बारे में हज़रत से रोज़ सरज़द होती थीं कि उनका ख़्याल हज़रत की निस्बत ऐसा हो गया था :-

> "मैमूना से मर्वी है कि कहा एक शब (रात) मेरी नौबत (बारी) की शबों (रातों) से रसूल अल्लाह मेरे पास से बाहर गए, उठी मैं और दरवाज़े को मैंने बंद किया। एक लख्ता के बाद फिर आए और दरवाज़े को ना खोला मैंने। हज़रत ने मुझे क़सम दी कि दरवाज़ा खोल। मैंने कहा या रसूल अल्लाह मेरी नौबत (बारी) की शब (रात) दूसरी बीवीयों के घर में जाते हो, फ़रमाया ऐसा नहीं किया मैंने व लेकिन क़ज़ा-ए-हाजत (बैतूल-खला) के वास्ते में गया था।" (मिन्हाज, सफ़ा 876)

पड़े पड़े चुपके से छुप के आप क़ज़ा-ए-हाजत के वास्ते जाते हैं और ये भी सच्च है और मैमूना का कहना भी। हज़रत ने उम्मत को भी हुक्म दे दिया है कि जोरू (बीवी) (बीवीयों) को ख़ुश करने की ग़रज़ से झूट बोलना मुबाह (जायज़) है। हमसे ख़दीजा ؓ के बाब में कहा जाता है कि हज़रत ने इस के साथ पाक-बाज़ी से एक मुद्दत गुज़ारी। हमें कैसे एतबार आए, ना मालूम किस-किस तरह और कब कब हज़रत क़ज़ा-ए-हाजत कर आए होंगे और इस बेचारी को ख़बर ना हुई और क्या अजब जो ख़बर भी हुई हो इसने बक़ौल शख़्स अज़ख़ुद दान ख़ताइज़ बज़ुर्गान अता टाल दिया हो?

# फ़स्ल शश्म

# हालात मज़ीद

हमारे सय्यद साहब ने इस क़द्र हज़रत की बीवीयां गिनवाई हैं और उनके हालात में भी वो क़ुत्आ बुरीद (यानी कांट छांट) की कि ना हज़रत की शक्ल असली पहचानी जाती है, ना उस की बीवीयों की और ख़ातिमा में आप फ़रमाते हैं "हज़रत ﷺ ने जो निकाह किए थे उनकी ये हक़ीक़त है।" हम भी अपने बयान की तरफ़ इशारा करके यही कहते हैं। मगर हज़रत ﷺ की इश्क़-बाज़ी की दास्तान तवील है और हमारे सय्यद साहब को इख़्तिसार मूजिब अफ़तसार मंज़ूर। ताहम कुछ हालात मुश्ते नमूना (मिसाल के तौर पर) और औरात (औरतों) के जिनको नीम जौरू (नाम निहाद बीवीयां) वो लौसे गलरोहीं जो हमने नहीं कहूरे कहना चाहीए मदारिजुन्नबी (مدارج النبوة) से नक़्ल कर के सुनाते हैं ताकि हमारे मुख़ातब की पालिसी हिमायत शारेअ इस्लाम में तश्त अज़बाम (मशहूर) हो।

## हज़रत ﷺ की नीम जोरूएं (नाम-निहाद बीवीयाँ)

1. "बेटी ज़ह्हाक कलाबिया की थी जिस ने दुनिया को इख़्तियार किया।" ये हज़रत की जोरू (बीवी) हुई थी। आख़िर छोड़कर निकल गई और चूँकि हज़रत ने इस क़िस्म की औरतों की रोक के लिए कि भाग ना जाएं अपनी जोरूओं (बीवीयों) को मुसलमानों पर हराम क़रार किया था। पस उस को किसी ने ना पूछा कोई इस से निकाह ना कर सका। आख़िर इंतिहादर्जा के इफ़्लास (बहुत ही ग़रीबी) में मुब्तला हुई। ख़ुरमा की गुठलियां और ऊंट की मंगनीयां चुन-चुन कर गुज़रान (गुज़ारा करती) थी। ( मिन्हाज, सफ़ा 877)

2. "अस्मा कुन्दिया है कि इस को जोनियाह करके कहा है।" जब हज़रत ने उसे बुलाया अपने नज़्दीक इबा (इन्कार, ना-फ़रमानी) लाई वो औरत और सरकशी की। जब लाई गई जोनियाह और उतारी गई इस नख़लिस्तान (खजुरों के बाग़) में।....ऐ हज़रत पास उस के फ़रमाया मुहय्या कर अपनी ज़ात को वास्ते मेरे

3. **(यानि अपने आपको मुझे सौंप दे) कहा इस (औरत) ने आया आमादा (सौपा) करती है मलिका अपनी ज़ात को फ़िरोमाया लोगों (बाज़ारू) के लिए।" इस औरत का बाप नोमान पेशवा और सरदार अहले कनुंदा का था। ये औरत इज़्ज़तदार और बाइस्मत मालूम होती है। हज़रत ने चाहा कि इस से सोहबत (हमबिस्तरी) करें। औरत ने अपना हसब व नसब बयान करके उनको क़ाइल करना चाहा और गोया कहा कि ऐ बुड्ढे नफ़्स परस्त क्या ज़ेबा है कि मुझ सी मलिका शरीफ़ नसब तुझे फ़िरोमाया (बाजारू) को अपनी आबरू दे डाले। हज़रत को फ़िरोमाया (बाजारू) इस (औरत) ने शायद इस क़रीना (वाक्यात के बहमी ताल्लुक़) से कहा होगा कि बावजूद दावा-ए-नुबूव्वत पराई बेटीयों और शरीफ़ ज़ादियों को ख़राब करना चाहता है। मगर हज़रत पर ये ज़ज्र (तंबीया, झड़की) कुछ असर पज़ीर हुआ बल्कि दराज़ किया (बढ़ाहाया) हज़रत ने अपने दस्त शरीफ़ (हाथों) (क्या मौज़ूअ लफ्ज़ है ! ये तो तब्बत यदा पढ़ने का महल है) के तईं ताकि पकड़ें उस के हाथ को और साकिन हुए वो शहवत से हज़रत इस वक़्त मग़लूब हैं। इस की नसीहत नहीं सुनते, अपनी फ़िरोमायगी (कम हैसियती) नहीं देखते, ज़बरदस्ती करते हैं। वहां कोई पुलिस नहीं ताज़ीरात-ए-हिंद नहीं जो बेकसूँ का चारा है। "बोली वो आउज़ुबिल्लाह मिनका (اعوذ باللہ منک) "अल्लाह की पनाह तुझ से।" नफ़्स सरकश बे-हमीय्यत दर कि ज़लालत में भी अल्लाह के नाम से काँप जाता है। इस की पाक दामनी व इस्मत उस की ज़ज्र व तूबेख़ (डांट-फटकार और झड़कने से) और नाम-ए-ख़ुदा ने हज़रत के दिल को हिला दिया। शहवत का ग़लबा ज़ाइल हुआ। इनके और उस के नफ़्स की ख़बासत और शराफ़त की ना मुनासबत ने चौंका दिया। "हज़रत ने उसे फ़रमाया पनाह ढूंडी तूने पनाहगाह अज़ीम से" (यानी अल्लाह से), पस बाहर आए हज़रत अपना सामना लिए हुए। चंद साअत ज़मीर के डंक से ख़स्ता व पुरआशूब और औरत की आबरू रह (बच) गई।" (मिन्हाज सफ़ा, 878-877)**

4. **"एक और अमउत थी मलिका बिंत कअब।" रोजतुल-अहबाब (**روضتہ الاحباب**) में आता है कि जब हज़रत ने ख़ल्वत (तन्हाई) की उस से और जब पोशिश इस से दूर की (ये बे-हयाई के हालात हज़रत ने ख़ुद ही बयान किए होंगे) सपीदी (सपेद दाग़ पर) एक नज़र पड़ी, इस से मुतफ़र्रिक़ हुए और फ़रमाया कि लिबास**

पहन और तरफ़ अपने अहले (घर वालो) के मुल्हिक़ (चले जा) हो।" (मिन्हाजुन्नबी, सफ़ा 880)

5. शराफ वह्य कलबी की बहन तज़्वीज फ़रमाया हज़रत ने उसे, पस हुई वो पेश अज़दख़ोल।"

6. लैला बिंत हज़ीम तज़्वीज (निकाह) फ़रमाया इस को और थी ये औरत गय्यूर (बहुत गैरत वाली अपनी इज्जत का पास लिहाज़ रखने वाली)।" इस औरत ने हज़रत से तलाक़ ले ली थी। ग़ैरतदार औरतें हज़रत के पास नहीं रह सकती थीं। इन औरतों में जो हज़रत ने क़ुबूल कीं शायद एक शुरू में बागैरत थी यानी उम्म सलमा, मगर हज़रत ने दुआ कर के इस की ग़ैरत ख़ुदा से दूर करा दी जिसका ज़िक्र हम ऊपर कर चुके हैं। एक ये औरत भी ग़ैरतदार थी। शायद हज़रत की दुआ उस के हक़ में मुस्तजाब (क़ुबूल) नहीं हुई, इसलिए इस को तलाक़ लेनी पड़ी। इस का क़िस्सा तलाक़ यूं मर्क़ूम है कि :-

> "लैला अपनी क़ौम के पास गई और उन्होंने इस को आग़ाह गिरदाना कि तू एक औरत है और मुहम्मद ﷺ बहुत से क़बीले रखता है। तू ग़ैरत से जलेगी और बातें करेगी और वो क़हर में आएगा और तुझ पर बददुआ करेगा और दुआ उस की मुस्तजाब (क़ुबूल) है। जा तलब फ़स्ख़ निकाह कर।"

यहां से मालूम होता है कि हज़रत के अख़्लाक़ अपनी औरतों के साथ कैसे थे। चुनान्चे इस औरत ने हज़रत से तलाक़ लिया, मगर क़िस्मत बुरी ना थी उस को शौहर मिल गया। कोई ग़ैर-मुसलमान होगा जिस पर हज़रत की जोरूएं (बीवीयां) हराम ना थीं। (मिन्हाजुन्नबी, सफ़ा 880)

7. एक औरत थी मर्राह बिन औफ़ सअद। हज़रत ने इस की ख़्वास्तगारी (निकाह की ख्वाहिश) की थी मगर उस के बाप ने बहाना किया कि वो लड़की बरस (सफ़ेद दाग़) रखती है, आपके लायक़ नहीं। मुसलमान कहते हैं चूँकि लड़की बचाने के लिए बाप ने झूठ बोला। हज़रत की करामत से लड़की मबरूस (सफ़ेद दाग़ वाली) हो गई। (मिन्हाजुन्नबी 881)

8. **एक औरत उम्म हानि थी जिससे ज़माना-ए-जाहिलीयत में हज़रत की आँख लड़ी थी। ये आपके चचा अबू-तालिब की साहबज़ादी थी और आप के भाई व जमाई हज़रत अली की हमशीरा। मगर हज़रत को ये ना मिली। चचा ने बेटी किसी और को दे दी। बाद मुद्दत ये फिर क़ब्ज़े में आई थी जब गोद में उस के नन्हे बच्चे थे। हज़रत से इस ने उज्र (बहाना) किया निकाह से, हज़रत ने मंज़ूर फ़रमाया। ज़िक्र इस का पहले हो चुका है। वाज़ेह हो के हमने मदारिजु- न्नबी से इन सात औरतों का ज़िक्र किया है और ये सात इलावा इन ग्यारह या पंद्रह के हैं जो अज़्वाज मुहम्मद ﷺ (हुज़ूर कि बीवीयों) में दाख़िल समझी जाती हैं। और यह सात "उन बीस या एक ज़्यादा औरतों में से जिनको हज़रत ने वक़्तन-फ़वक़्तन इलावा अजवाज-ए-मुतह्हरात (पाक बीवीयों) के ताड़ा था (मिन्हाज, सफ़ा 877)**

# फ़स्ल हफ़्तुम

# हज़रत ﷺ की लौंडियां

इलावा इन के हज़रत की लौंडियां हैं जिनका मुतलक़ ज़िक्र हमारे सय्यद साहब ने नहीं किया बल्कि ये भी कह दिया है कि "हमारे फ़ुक़्हा ने लौंडियां रखने को जायज़ क़रार दिया है। हालाँकि ये फैअल (अमल) आँहज़रत के अहकाम की असल मंशा के ख़िलाफ़ है। ताहम इस पर मुख़ालिफ़ीन इस्लाम ने निहायत सख़्त तअन किया है।" (सफ़ा 318) मगर मदारिजुन्नबी (مدارج النبوة) वाला नहीं मानता। वो सहीह तारीख़ जिसकी ताईद हर सीरत मुहम्मदी से बजुज़ जनाब की किताब के होती है। हज़रत की चार लौंडियां भी गिनवाता है। (सफ़ा 882) हम यहां दो के हाल तहरीर करते हैं जिनके हालात से आपने खासतौर पर इन्कार किया था।

## 1 - मारीयह ؓ

मारिया बिंत शमाउन किब्ती ये कनीज़ सपीद (सफ़ैद पोस्त) साहब-ए-जमाल थी। मुसलमान हुई थी। हज़रत मुल्क-ए-यमीन (लौंडी) कर के उसे तसर्रुफ़ (इख्तियार) में लाए थे और इस से मुहब्बत रखते थे ऐसी कि हज़रत आईशा ؓ सिद्दीक़ा इस पर रशक (हसद) करती थीं। और इब्राहिम बिन रसूल अल्लाह इस से पैदा हुआ और मदीना में भी वास्ते इस के घर तामीर किया गया। अब इस जगह को मिश्र बह उम्म इब्राहिम कहते हैं।" (मिन्हाज, सफ़ा 882) ऐसी कनीज़ मारिया जिस के इश्क़ में हज़रत इस दर्जा मुब्तला थे कि उनकी महबूबा आईशा ؓ भी रशक (हसद) करती थी। हज़रत ने अज़्वाज मुहम्मद ﷺ (हुज़ूर कि बीवीयों) के ज़मुरे (फेहरिस्त) में इस का ज़िक्र तक नहीं किया। और हमको दो एक औरतें ज़रूरत से ज़्यादा बुढ़ी करके दिखाईं और हज़रत के "जो दो करम" का राग अलापा। पस अब आपको कोई चारा नहीं। आप इस से इन्कार कर जाएं। आप बुरी रविश इख़्तियार किए हुए हैं। मौलाना हाली का सुख़न (फरमान) कितना रास्त आ रहा है। जिन्हें हो झूट को सच्च दिखाना, उन्हें सच्चों को झुटलाना पड़ेगा।

### दफ़्अ अव्वल

## तहरीम मारिया (यानी हुज़ूर का मारिया को अपने ऊपर हराम कर लेने) का क़िस्सा

सय्यद साहब अपनी अंग्रेज़ी किताब में फ़रमाते हैं कि "जो हिकायत हफ़्सा और मुहम्मद ﷺ के ख़ानगी तनाज़ेअ की और बाब मारिया क़िब्तिया म्यूर सिपर नगर और ओस बर्न ने कुछ मज़ा लेकर बयान की है। अज़सरतापा झूट महज़ और अज़राह बाअज़ के है। ये रिवायत जिसको तमाम मुअज़्ज़िज़ मुफ़स्सिरीन क़ुरआन बातिल ठहरा चुके हैं। फ़िल-हक़ीक़त बनी उमय्या या किसी अब्बासी अय्याश के ज़माने में बर-बनाए ज़ईफ़ तरीन सनद इजाद की गई और उन ईसाई नुक्ता-चीनों ने नबी को मुत्तहिम (बदनाम) करने की ग़रज़ से बड़ी हिर्स के साथ इस को क़ुबूल किया है। आयत क़ुरआन-ए-मजीद जो ख़्याल की गई है कि इस वाक़िया की तरफ़ इशारा करती है, दरअसल एक मुख़्तलिफ़ मुआमला से इलाक़ा है। मुहम्मद ﷺ ने बचपन में जब वो अपने चचा के गल्ले चराते थे शहद का शौक़ पैदा कर लिया था जो अक्सर ज़ैनब के पास से आता था। हफ़्सा और आईशा ؓ ने उनका शहद छुड़ाने की साज़िश कर ली और वो उन से क़सम लेने में कामयाब हो गईं कि फिर कभी शहद ना छूएं। मगर जब कसम खा चुके दिल में ख़्याल आया मैं महज़ अपनी जोरूओं (बीवीयों) को ख़ुश करने की ग़रज़ से एक चीज़ को हराम ठहराए लेता हूँ जिसमें कोई अम्र हराम नहीं। इन के ज़मीर ने इस कमज़ोरी की बाबत उन को सख़्त मलामत की और तब ये आयत नाज़िल हुई "ऐ नबी क्यों हराम ठहराता है जिसे ख़ुदा ने हलाल ठहराया है, ख़ुशनुदी अपनी जोरूओं (बीवीयों) की।" (ज़मख़शरी सफ़ा 334)

हम को दिखाया जाता है कि कभी "ज़मीर" भी हज़रत को सख़्त मलामत करता था और वो भी शहद के तर्क पर। हम ये इन्कार नहीं करते कि हज़रत ने कभी शहद को अपने ऊपर क़समन हराम ठहरा कर क़सम नहीं तोड़ी। मगर हाँ ये भी कहते हैं कि वो क़िस्सा जो म्यूर और असपर नगर और अस-बर्न ने मारिया क़िब्तिया का बयान किया है अज़ सरतापा हक़ है और इस को झूटा कहने वाले झूटे हैं। ज़रा सब्र के साथ तारीख़ हमसे पढ़ो।

# दफ़्अ दोम

## क़ुरआन मजीद

रही क़ुरआन-ए-मजीद की आयत कि इस का शाने नुज़ूल क्या है। किसी ने शहद के वाक़िये को क़ियास (गुमान) किया, किसी ने मारिया क़िब्तिया को या किसी ने किसी और वाक़िया को। क्योंकि हराम को हलाल और हलाल को हराम करना हज़रत की ज़िंदगी के वाक़ियात में बकसरत है। इसलिए मिन्हाज वाला इन तमाम क़िस्सों को नक़्ल करके कहता है "क़सम की सरवरे आलम ने और उन अक़्वाल के जमा होने में कहा है कि शायद ये तमाम उमूर अस्बाब ईला (ایلا) (किसी मर्द का क़सम खाना कि औरत के पास ना जाना) हुए हों।" (मिन्हाज जिल्द 2, सफ़ा 252)

आयात क़ुरआनीयाह और अहादीस नब्वीयह में भी तनासुख़ वाक़ेअ होता है या नहीं? मजहूर कहते हैं वाक़ेअ होता है और इसकी दो किस्में है اقل نسخ الکتاب بالسنته जैसा कि ये आयत لائیحل لك النسا الّا ये हदीस आईशा ؓ से मंसूख़ है कि आँहज़रत सलअम ने उनको ख़बर दी है, कि ख़ुदा ने उन को जिस क़द्र औरतें चाहिऐं मुबाह (जाईज़) कर दीं। रवाह अबदूर्रज़्ज़ाक़ व निसाई व अहमद तिर्मिज़ी व हाकिम। उकूल फिया नज़र किस लिए कि इस आयत की नासिख़ इस से पहली आयत है।" पस मालूम हुआ कि हमारे यार एक आयत मंसूख़ से इस्तिदलाल करके हज़रत की पर्दापोशी करते हैं। चुनान्चे साहिबे तफ़्सीर हक़्क़ानी ने इन लोगों की निस्बत ख़ूब फ़रमाया है। (हाशिया) "बाअज़ ख़ुफ़ीया क्रिस्चन आँहज़रत अलैहि सलाम के लिए निकाह महुदद ना होने को ऐब समझते हैं, और इस हदीस को ये पैराया ख़ैर ख़्वाही इस्लाम बिला क़ाइदा मुहद्दिसीन

झूटी बताते हैं।" हम इन खुफ़ीया क्रिस्चनों को क्या कहें जब एक डंके की चोट पर बोलने वाला मुसलमान "तफ़्सीर फ़त्ह अलहनान में उन की यूं ख़बर लेता है। पस मालूम हुआ कि इस आयत ने हज़रत को बचाया नहीं बल्कि और बिगाड़ा क्योंकि हज़रत ने ऐन इस के ख़िलाफ़ अमल किया।

# दफ़्अ शश्म

## सुन्नते अम्बिया व साबिकीन

एक माअज़िरत (बचाव) और बाक़ी रही जाती है। मुहम्मद अली साहब फ़रमाते हैं :-

"जब अम्बिया साबक़ीन ने मुवाफ़िक़ रज़ा ख़ुदा ए तआला के ये फेअल (अमल) किया तो हज़रत सरवर अम्बिया मुहम्मद मुस्तफ़ा ﷺ भी इसी ज़मुरा में हैं। इन के लिए कोई नई इजाज़त की ज़रूरत नहीं है। वही अम्बिया साबक़ीन की इजाज़त काफ़ी है, जब 100 बीवीयों का करना मन्सब नबुव्वत के ख़िलाफ़ और काबिल तअन हो जाएगा।" (पैग़ाम मुहम्मदी सफ़ा 175) और मौलवी मुहम्मद हुसैन भी हज़रत को इसी बरते पर मिस्ल दाऊद, सुलेमान खींचते हैं। मुहम्मद ﷺ को अम्बिया साबक़ीन के ज़मुरे (लिस्ट) में तस्लीम कौन करता है? कि आप इस तस्लीम की बिना (बुनियाद) पर इस्तिदलाल करते हैं। अम्बिया साबक़ीन के ज़मुरे में हज़रत को बिठाना ये आपकी ज़बरदस्ती है और बेबाकी मान ना मान मैं तेरा मेहमान, मगर जवाब सुनिए।

एतराज़ ये है कि किसी नबी या ग़ैर नबी को शरीअत के लिहाज़ से आसी व ख़ाती (मुज़्रिम व खताकार) साबित होगा। आप ख़ुद फ़रमाते हैं कि "इस में शक नहीं कि तादद अज़वाज (बीवीयों की तादाद) को ग़ैर महदूद छोड़ देना जैसा कि शरीअत मूसवी में किया गया हद एतिदाल से ख़ारिज है।" (सफ़ा 173) पस आप को मालूम है कि शरीअत मूसवी में ताअदाद-ए-अज़्वाज (बीवीयां रखने की तादाद) को ग़ैर महदूद (हद तय किये बगैर) छोड़ दिया गया। पस अगर किसी नबी या ग़ैर नबी ने उस शरीअत की मुताबअत में ग़ैर महदूद जोरुवान (बीवीयां) कीं तो वो इस शरीअत के एतबार से पाक है, पर अगर बर- ख़िलाफ़ इस के उस शरीअत के ख़िलाफ़ कोई फेअल (अमल)

किया जाये चाहे उस शरीअत के क़ब्ल वो फेअल (अमल) मुस्तहसिन (पसंदीदा) ही क्यों ना रहा हो करने वाला गुनाहगार है। जैसे शरीअत मूसवी के क़ब्ल दो बहनों का एक वक़्त निकाह। शरीअत मूसवी में दो बहनों का रखना हराम हुआ। पस अगर कोई शख़्स अब दो बहनें निकाह में लाए हराम करता है। ऐसा ही ग़ैर महदूद अज़्वाज (बेशुमार बीवीयों) का रखना शरीअत मूसवी में हलाल था, मगर अब फ़रमाते हैं कि "शरीअत मुहम्मदिया ने ऐसा नाफ़ेअ और उम्दा हुक्म दिया कि पहली शरीअत और इस वक़्त के रिवाज ने जो बलाहिसर व तईन जवाज़ तअद्दुद का फ़त्वा दे रखा था। अव्वल तो उसे चार में महदूद कर दिया। मगर इस जवाज़ में भी अदल की एक सख़्त क़ैद लगा दी।" (सफ़ा 173) तो अब आप बताएं कि मुहम्मद ﷺ ने जिन्होंने शरीअत मूसवी के इस्लाह में दम मार कर बक़ौल जनाब "ऐसा नाफ़े और उम्दा हुक्म दिया" अपनी शरीअत के ख़िलाफ़ "ऐसे नाफ़े और उम्दा हुक्म" का क्यों उदूल (नाफ़रमानी) किया?

अम्बिया साबक़ीन ने मूसवी शरीअत पर हो कर ग़ैर महदूद तादाद अज़्वाज को जायज़ रखा। शरीअत इस्लाम ने इस को जायज़ नहीं रखा और तअद्दुद (एक से ज़्यादा) को महदूद किया हत्ता कि अगर कोई मुसलमान पाँच जोरुवान (बीवीयां) एक साथ रख ले तो वो ज़िनाकार कहलाए और अम्बिया साबक़ीन की सुन्नत या शरीअत मूसवी का जवाज़ उस की हिमायत में दम ना मार सके। हज़रत ने "ऐसा नाफ़े और उम्दा हुक्म" शरीअत मुहम्मदिया से ख़िलाफ़ कर के किस तरह 15 या 16 या 20 या ज़्यादा जोरूएं (बीवीयां) कीं? एतराज़ है सो यह है आप बहकें नहीं। या तो मुहम्मद ﷺ को तादाद अज़्वाज (बीवीयां रखने कि तादाद) में शरीअत मूसवी का पाबंद बनाएँ और तअद्दुद (बीवीयों की तादाद) के महदूद करने को नाजायज़ ठहराएँ और उसे "नाफ़े और उम्दा" हुक्म ना फ़रमाएं। या मुहम्मद साहब को शरीअत इस्लाम और क़ुरआन-ए-मजीद का उदूल (नाफ़रमानी) करने वाला अय्याश और शहवत परस्त मानें और समझ जाएं कि क्यों सौ (100) बीवीयों का करना मन्सब नबुव्वत के ख़िलाफ़ नहीं हो सकता। मगर नौ बीवीयों का करना मन्सब नबुव्वत के ख़िलाफ़ है, बल्कि मन्सब मामूली शराफ़त और दीनदारी इस्लाम के ख़िलाफ़ भी। ये आपके उज़रात (बचाव) थे। सच्च है "پائی چوبیں سخت بے تمکین بود"۔

सय्यद अमीर अली साहब एतराज़ों से बचने के लिए फ़रमाते हैं कि "ग़ालिबन ये कहा जाएगा कि आँहज़रत को ना चाहीए था, कि किसी ज़रूरत से ख़्वाह कैसी ही शदीद हो ताअदाद-ए-अज़्वाज (बीवीयां रखने की तादाद) की रस्म क़बीह (बुरी रस्म) को ख़ुद अमल में लाते या उस को मुबाह (जाईज़) कर देते।" (सफ़ा 213) यक़ीनन ये हरगिज़ ना कहा जाएगा। हज़रत ने ख़ूब किया जो ताअदाद-ए-अज़्वाज (बीवीयों कि तादाद) को अमल में लाए। हम उनसे कोई बेहतर उम्मीद नहीं रखते हैं। मगर हाँ अगर इस रस्म क़बीह (बुरी रस्म) को "मुबाह" (जाईज़) किया था, तो अपने लिए सिर्फ इस क़द्र मुबाह (जायज़) रखते जो औरों के लिए मुबाह (जायज़) रखा था। उस से तजावुर ना करते पस सिर्फ ये कहा जाएगा कि "आँहज़रत को ना चाहीए था कि किसी ज़रूरत से ख़्वाह वो कैसी ही शदीद हो तादाद अज़्वाज की रम क़बीह (बुरी रस्म) को" अपने लिए इस हद से ज़्यादा रवा रखते जो उन्होंने अपनी शराअत में आप मुबाह (जायज़) क़रार दी थी। जब किसी उम्मती के लिए किसी ज़रूरत की ख़्वाह वो कैसी ही शदीद हो रिआयत ना रखी थी, तो अपने नफ़्स के लिए रिआयत रखना क्या मअनी थी? और यहीं आप صمویکم हैं और अब मालूम हो कि "जिन मौअर्रखीन ईसाई ने आँहज़रत पर तअन किया कि आँहज़रत ने ताअदाद-ए-अज़्वाज (ज़्यादा तादाद में बीवीयां रख) कर के अपने नफ़्स से वो रिआयत की जिसके मुस्तहिक़ आप शराअ शरीफ़ के मूजब ना थे।" (सफ़ा 206) हमारे ज़ी इल्म व शहर-आफ़ाक़ मुसलमान जज ने लाख सर मारा कि इस तअन (मलामत) को उठाए मगर इस तअन का एक एक हर्फ़ हज़ार ज़ोर के साथ हज़रत पर और चस्पाँ हो गया, और इस का एक ज़र्रा भी हमारे मुख़ातब के उठाने से ना उठ सका।

# फ़स्ल दहुम

# मुतअतु-न्निसा

## (यानी कुछ वक़्त के लिए किसी औरत से तय शुदा निकाह करना)

औरात (औरतों) की निस्बत सिर्फ इसी क़द्र कार्रवाई इस्लाम की शरीअत में नहीं अगर इतनी ही होती तो सब्र किया जाता। हज़रत की शरीअत में मुत्आ (कुछ वक़्त का तय शुदा निकाह) भी हलाल है। मुत्आ (तय-शुदा वक्त का निकाह करना) सरीह रंडी बाज़ी है। ख़र्ची देकर किसी औरत से रात दो रात ताल्लुक़ पैदा करना और चलते फिरते नज़र आना नहीं बल्कि वज़्अ-दार (सज़ीले) लोग रंडी बाज़ी में मुत्आ करने वालों से ज़्यादा वफ़ादारी व आदमिय्यत (इंसानियत) बरतते हैं। मौलवी मुहम्मद अली कहते हैं कि "मुत्आ (आरज़ी तय शुदा निकाह) को जवाज़ (जायज़ होना) तो क़ुरआन-ए-मजीद से साबित नहीं होता बल्कि किसी मुक़ाम से इस का हराम होना अज़्हर मिनश्शम्स (सूरज कि तरह रोशन) है। अब अगर अहादीस से इस का सबूत होता हो तो ईसाईयों को इस पर एतराज़ करना हरगिज़ नहीं पहुंचता" और फिर ये कि "क्या मुत्आ (यानी कुछ वक़्त का निकाह करने) का सबूत क़ुरआन-ए-मजीद से होता है? हरगिज़ नहीं क्या ऐसी आयतें क़ुरआन-ए-मजीद में नहीं हैं, जिनसे साफ़ साफ़ मुत्आ की हुर्मत (हराम होना) साबित होती है, बे-शक हैं। देखो सरग़ामु-श्शयातीन वग़ैरा।" (पैग़ाम मुहम्मदी, सफ़ा 175-179) बे-शक मुत्आ (यानी कुछ वक़्त के लिए कुछ रक़म दे कर निकाह करके उसे इस्तिमाल करके उस औरत को छोड़ देने) का सबूत क़ुरआन-ए-मजीद से होता है, और ऐसी कोई आयत क़ुरआन-ए-मजीद में नहीं है जिससे साफ़ साफ़ मुत्आ (यानी कुछ वक़्त के लिए किसी औरत से तयशुदा निकाह करने) की हुर्मत (यानी हराम होना) साबित होती है। देखो ज़र्बत-हैदरिया वग़ैरा। मसअला मुत्आ (आरज़ी निकाह) के इस्बात (सबूत) में नस (इबारत) क़ुरआन मौजूद है। فَمَا اسْتَمْتَعْتُم بِهِ مِنْهُنَّ فَآتُوهُنَّ أُجُورَهُنَّ فَرِيضَةً फिर जो काम में लाए तुम इन औरतों को दे दो उन का अजुरह (मजदूरी) जो हुआ। (सुरह निसा रुकूअ 4) ज़रबत हैदरयह में निहायत क़ाते दलाईल (इन्तिहाई मज़बूत सबूत) से साबित कर दिया है कि ये आयत मुत्आ (आरज़ी तय शुदा निकाह)

पर नस (इबारत) है और सुन्नी उलमा को भी इस से जैसा शीयों ने साबित किया है, इन्कार नहीं हो सकता। चुनान्चे तफ़्सीर सअलबी में मन्क़ूल है कि :-

> "इमरान बिन हुसैन कहता है कि नाज़िल हुई आयत अलमुत्आ (कुछ वक़्त का निकाह) बीच किताब-उल्लाह तआला की, नहीं नाज़िल हुई बाद उस के कोई आयत जो मंसूख़ करे उस (आयत) को। (यानी मुत्आ) पस अम्र (हुक्म) किया हमको रसूल अल्लाह सलअम ने उस का मुत्आ (कुछ वक़्त के लिए निकाह) किया हमने रसूल ﷺ के और वो मर गए और नहीं मना किया हमको इस से और कहा एक शख़्स ने अपनी राय से जो चाहा।"

(ये इशारा है उमर के हुक्म मना मुत्आ की तरफ़) और तबियानुल हक़ाईक़ शरह कनीज़-उल-अक़ाइक़ में किताब अल-निकाह मुहर्रमात में मज़्कूर है कि इब्ने अब्बास <u>हिल्लत मुत्आ</u> (यानी कुछ वक़्त के निकाह करने) में इस आयत से इस्तिदलाल (यानी दलील पेश) करते थे। और ये तो सबको मालूम है कि हिदाया में इमाम मालिक की निस्बत मंसूब किया गया कि वो मुत्आ (कुछ वक़्त के निकाह करने) के जवाज़ (जायज़ होने) का क़ाइल है। पस इस से इन्कार नहीं हो सकता कि क़ुरआन-ए-मजीद में आयत मुत्आ (यानी कुछ वक़्त के लिए निकाह करने की आयत) मौजूद है। सुन्नी नाहक़ इस को मंसूख़ बताते हैं। कोई क़रीना (वाक्यात का बहमी ताल्लुक़) उस के मंसूख़ होने का नहीं है। शीयों ने बड़े बड़े क़तई (यानी रद्द ना हो सकने वाले) दलाईल तारीख़ व हदीस से साबित कर दिया है, कि इस्लाम में बहुक्म महमुद ﷺ मुत्आ हलाल था, और इस वक़्त भी हलाल है। चुनान्चे जुम्ला इमामिया इस पर कार-बंद हैं। पस आपका ये कहना कि मुत्आ (कुछ वक़्त के लिए तयशुदा निकाह) का जवाज़ (यानी जायज़ होना) क़ुरआन-ए-मजीद से नहीं साबित है "मर्दूद है।" और ये हीला (बहाना) कि चूँकि अहादीस में इस का सबूत है इसलिए ईसाईयों को इस पर एतराज़ करना हरगिज़ नहीं पहुंचता अबला फ़रेबी है। हम इस्लाम पर एतराज़ करते हैं और इस्लाम की बुनियाद तुम ख़ुद क़ुरआन मजीद और अहादीस दोनों को तस्लीम करते हो। पस अगर क़ुरआन-ए-मजीद में मसअला मुत्आ (कुछ वक़्त के लिए निकाह करने) का सबूत ना होता बल्कि सिर्फ़ हदीस में होता तो भी इस्लाम हमारे एतराज़ से महफ़ूज़ नहीं रह सकता है। मगर अब तो क़ुरआन मजीद की नस (इबारत) मौजूद है और कोई अम्र मुनाफ़ी (खिलाफ) मुत्आ क़ुरआन-ए-

मजीद में नहीं और अहादीस भी मौजूद हैं जो क़तई हैं, और इस पर मुस्लिमानाँ तबक़ा ऊला व सानी के अमल भी मौजूद हैं, जिन पर तवारीख़ शाहिद है। पस मुत्आ से इन्कार करना और इस्लाम को मानना मुम्किन नहीं। सुन्नीयों ने अब मुत्आ को बावजूद तस्लीम सनद हदीस हराम ठहराया है। और कुछ उसी बिना पर जिस बिना पर हमारे सय्यद साहब कसरत अज़वाजी (ज़्यादा बीवीयां) से बेज़ार हैं, और इस को अब ज़िनाकारी का ताल्लुक़ फ़रमाते हैं। दरअसल मुत्आ निहायत ही बे-हयाई, बद-अख़्लाकी व अय्याशी का मसअला है। औरतों को ये ख़ुद देकर काम में लाना है। मगर क़ुरआन-ए-मजीद की आयत मज़्कूर साफ़ साफ़ इस की मवेद है। सुन्नी इस मुत्आ को ये नहीं कहते कि इस्लाम में हलाल ना था, बल्कि सिर्फ ये कि हज़रत ने आख़िर ज़माने में इस को हराम ठहरा दिया। हज़रत के वक़्त में वो हराम ना था। भई तुम्हारे हज़रत भी बड़े हज़रत थे। चुनान्चे मुतर्जिम मुवत्ता इमाम मालिक निकाह अल-मुत्आ के फ़ायदे में यूं रक़मतराज़ कि :-

> "अवाइल इस्लाम में दुरुस्त था फिर.....फ़त्ह मक्का के रोज़ हराम हुआ। फिर जंग व तास में दुरुस्त हुआ, फिर हराम हुआ, फिर तबूक में दुरुस्त हुआ, फिर हुज्जत-उल-विदा में हराम हुआ। इस बार-बार की हुर्मत (हराम होने) और रहलत से लोगों को शुब्हा बाक़ी रहा बाअज़ लोग मुत्आ करते थे, बाअज़ नहीं करते थे। यहां तक कि आँहज़रत ﷺ की वफ़ात हुई और हज़रत अबू बक्र की ख़िलाफ़त में ऐसा ही रहा, और हज़रत उमर की अवाइल (शुरूआती) ख़िलाफ़त में भी यही हाल रहा बाद इस के हज़रत उमर ने उस की हुर्मत (हराम होने को) बरसर मिंबर बयान की। जब लोगों ने मुत्आ करना छोड़ दिया मगर बाअज़ सहाबा उस के जवाज़ (जायज़ होने) के क़ाइल रहे जैसे जाबिर बिन अब्दुल्लाह और अब्दुल्लाह बिन मसऊद और अबू सईद और मुआवीया और अस्मा बिंत अबी बिक्र और अब्दुल्लाह बिन अब्बास और उमर बिन हुवरेस और सलमा बिन अलकुअ और एक जमाअत ताबईन में से भी जवाज़ (जायज़ होने) की क़ाइल हुई है। (मुलख़्ख़स जरक़ानी, कशफ़ अलअज़ा मतबूअह मतबअ मुर्तज़वी देहली 1296 हि० जिल्द सानी, सफ़ा 341)

ग़ज़वा ख़ैबर 7 हिज्री में वाक़ेअ हुआ यानी दावा-ए-नुबूव्वत के 20 बरस बाद। हज़रत इस के 3 बरस बाद मर गए। फ़त्ह मक्का 8 हिज्री में हुई। ग़ज़वा तबूक 9

हिज्री में हुआ और आख़िरी हुर्मत (हराम होना) मतदअवया हुज्जता उल-विदा में हुई जो आख़िरी साल हज़रत की उम्र का था। पस कम से कम 20 बरस नबुव्वत मुहम्मद ﷺ में मुत्आ (कुछ वक़्त के लिए निकाह करने) का हलाल रहना ख़ुद मुख़ालिफ़ीन मुत्आ के अक़्वाल से साबित है। और साल सवा साल क़ब्ल वफ़ात हज़रत मुत्आ के हराम होने का शुब्हा तारीख़ी क़रीना (वाक्यात के बहमी ताल्लुक़) से बातिल है। क्योंकि सुन्नी इस से भी इन्कार नहीं करते कि हज़रत उमर ने पहला हुक्म दिया था, कि जो शख़्स मुत्आ (कुछ वक़्त के लिए निकाह) करेगा, मैं इस को रज्म (पत्थर मार कर क़त्ल) करूँगा। मगर ख़लीफ़ा अव्वल अबू बक्र के ज़माने में मुत्आ होता रहा और इस उमर के फ़ैसले को ख़ुद उस के बेटे ने ख़िलाफ़ शरह (शरीअत के खिलाफ) कहा। चुनान्चे जलाल उद्दीन सिवती तारीख़ अलख़ुलफ़ा में उमर को اول من حرم المتعہ अव्वल शख़्स जिसने मुत्आ को हराम ठहराया लिखते हैं। पस ख़लीफ़ा अव्वल अबू बक्र के ज़माने में मुत्आ हराम हुआ। अगर मुहम्मद ﷺ अपनी हीने-हयात (जीते जी) मुत्आ को हराम कर गए थे, तो ख़लीफ़ा अव्वल के अह्द में हलाल कैसे हो गया था? कि हुर्मत (हराम होने का) का हुक्म उमर को देना पड़ा। हक़ीक़त यूं है कि मुत्आ हराम कभी नहीं हुआ आयत मुत्आ क़ुरआन-ए-मजीद में मौजूद है। इस का नासिख़ (मंसूख करने वाला) कोई हुक्म क़ुरआन-ए-मजीद में नहीं और अगर क़ुरआन-ए-मजीद में कोई आयत हुर्मत मुत्आ (मुत्आ के हराम होने) पर होती तो आख़िर इख़्तिलाफ़ सहाबा के लिए गुंजाइश ना थी। और अगर क़ुरआन-ए-मजीद में सरीह आयत मुत्आ वारिद होती तो अब्दुल्लाह बिन मसऊद सा क़ुरआनदां मुत्आ पर इसरार क्यूँ न कर कर सकता है। चुनान्चे सहाबा के अमल की ये कैफ़ीयत है जैसा जाबिर से ऊपर मन्क़ूल हुआ वो कहता था कि "हमने मुत्आ किया अहद रसूल अल्लाह सलअम में और अहद अबू-बक्र और निस्फ़ ख़िलाफ़त उमर में, फिर मना किया उस ने लोगों को इस से।" ये एक पुराना मसअला है जिसके तरह बह तरह के इस्बात (सबूत) शीया मुक़ाबले में सुन्नीयों के दे चुके और सुन्नीयों से कोई जवाब ना बन पड़ा जो शख़्स चाहे तरफ़ैन की कुतुब मुनाज़िरा इस बाब में देख ले।

पस अहले सुन्नत का मुत्आ (कुछ वक़्त के लिए तय किया हुआ निकाह) को हराम ठहरना क़ुरआन मजीद व सुन्नत से दरगुज़र करना है। शीए हक़ पर हैं वर्ना इस की हुर्मत ऐसी है जैसी कि कस्रत अज़वाजी (ज़्यादा निकाह करने) की जिसको हमारे

सय्यद साहब मुख़ालिफ़ मंशा क़ुरआन व तालीम मुहम्मदी समझ कर "ज़िनाकारी का ताल्लुक़" फ़रमाते हैं।

# फ़स्ल याज़्दहुम

## तक़्वीम-पारीना

हमने हज़रत की अज़्वाज (बीवीयों) के हालात मुफ़स्सिल पर तहक़ीक़ के साथ नज़र डाली और उनके साथ हज़रत की बे-हयाई के ताल्लुक़ात देखे। हम ये कहे बग़ैर नहीं रह सकते (गो वो बमिस्दाक़-उल-हक़ इनके ताबईन को कैसा ही नागवार क्यों ना मालूम हो) कि हज़रत शहवत परस्त व अय्याश परले दर्जे के थे। ख़दीजा ؓकी वफ़ात के दो माह बाद ही हज़रत ने दो औरतों से यानी सौदह ؓ और आईशा ؓ से निकाह कर लिया और उन की जोरूओं (बीवीयों) का रोज़नामचा जिससे मुसलमान इन्कार नहीं कर सकते हम हद्या नाज़रीन करते हैं।

| सन | हज़रत की उम्र शरीफ़ | नाम अजवाज-ए-मुतह्हरात | मुख्तसर कैफ़ीयत अज़वाज-ए-मुतह्हरात की |
|---|---|---|---|
| 10 नब्वी | 51 साल | सौदह ؓ | हज़रत सौदह ؓ को जब तक आईशा ؓ तैयार ना हुई मिस्ल परतिल के रखते रहे। माबाअ्द किबरसिनी (बुढ़ापे) के बाइस हज़रत ने इन को बिल्कुल पैंशन दे दी थी और उन की जगह आईशा ؓ को क़ुबूल फ़रमाया और मुहम्मद हुसैन बटालवी के क़ौल पुलाव और जोव की सूखी रोटी की दाद दी। |
| | | आईशा ؓ | इस वक़्त उन की उम्र कुल सात (7) साल की थी। पहले ही से हज़रत ने उन को अपने वास्ते रख छोड़ा। |
| 1 हिज्री | 53 साल | आईशा ؓ | दो बरस बाद जब आईशा ؓ 9 बरस की हुईं हज़रत ने उनसे ज़िफाफ (हमबिस्तरी) फ़रमाया। ये हज़रत की बड़ी चहेती बीबी थीं, क्योंकि कुँवारी सिर्फ यही |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | थीं यानी मन्कूहा औरतों में। मारिया लौंडी भी कुँवारी थी बाद आईशा ؓ के हज़रत इस पर भी दिल-दादा थे और यूं तो तमाम जवान औरतों को चाहते थे। |
| 3 हिज्री | 55 साल | हफ़्सा | ये बड़ी कुबूलसूरत परी-तिमसाल औरत 17 साल की नौजवान थी। |
| 3 हिज्री | 55 साल | उम्म-उल-मसाकीन | ये बहुत जल्द फ़ौत हो गई। |
| 4 हिज्री | 56 साल | उम्म सलमा | कोई 27 साल की उम्र वाली औरत थी। |
| 5 हिज्री | 57 साल | ज़ैनब बिंत जहश | ये ज़ैद हज़रत के फ़र्ज़ंद मुतबन्ना (मुंह बोले बेटे) की जोरू (बीवी) थी मगर बड़ी हसीन माहपारा आबिद फ़रेब थी। आख़िर हज़रत ने इस को अपनी जोरू (बीवी) बना लिया। |
| 5 हिज्री | 57 साल | रिहाना | हज़रत ने इस को बहुत सी औरतों में से छांट कर अपनी जोरू (बीवी) बनाया। |
| 6 हिज्री | 58 साल | जुवेरिया | अज़हद हसीन, उम्र इस की 20 साल थी। |
| 7 हिज्री | 59 साल | मारिया क़िबती | गोरे रंग वाली बड़ी साहब-ए-जमाल थी। हज़रत इस पर फ़िदा थे हत्ता कि आईशा ؓ रशक खाती थी। आपको तोहफ़े में मिली थी और कुँवारी थी। |
| 7 हिज्री | 59 साल | सफिया | अज़हद हसीन थी। नव-उरूस (नई दुल्हन) 17 साल की। |
| 7 हिज्री | 59 साल | उम्म हबीबा | इस को हज़रत ने अपने वास्ते हब्श से बुलवाया था। उस की उम्र तीस साल थी। हज़रत इस को एक मुल्की ग़रज़ से भी निकाह में लाएं थे। |
| 7 हिज्री | 59 साल | मैमूना | इन्होंने हज़रत को अपना नफ़्स बख़्श दिया था "برگِ سبز است تحفہء درویش" (सब्ज़ पत्ता फ़क़ीर का हद्या है) और हज़रत ने जौदो करम को काम फ़र्मा कर इनको "گر قبول افتد زہی عز و شرف" कुबूल फ़रमाया लिया और इस |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | में एक बड़ी ग़रज़ ये भी थी कि आप इस के रिश्तादारों को जो मुख़ालिफ़त करते थे ठंडा करना चाहते थे। |

अब हज़रत के जोरूएं (बीवीयां) फ़राहम करने के आगे बजुज़ मौत के कोई रोक बाक़ी ना रही थी। आख़िर हज़रत हिज्रत के दस बरस बाद मर गए और मरते-मरते निकाह कर गए। चुनान्चे हयात-उल-क़ुलूब वाला किसी शनियाह दुख्तर ज़िलत का ज़िक्र करता है कि "حضرت اور اتر و تج نمود و پیش ازان کر اور بخدمت حضرت بیادند حضرت زوار فانی رحلت نمود" (सफ़ा 568) जिससे मालूम होता है कि बिस्तर-ए-मृग ही पर जिसको वो बिस्तर-ए-मृग ना जानते थे। हज़रत ने यह निकाह किया था। मगर नौबत सोहबत (हमबिस्तरी) की ना आने पाई। ये इंतिहाई बूअलहूसी (बहुत ज़्यादा हिर्स, नफ़्सानी ख़्वाहिशात पर बहुत ज़्यादा चलना) है।

इस रोज़नामचा से जो मुकम्मल नहीं क्योंकि इस में हज़रत की चार लौंडियों में से दो का तज़्किरा नहीं किया गया साफ़ अयाँ है कि इलावा बीबी ख़दीजा[रज़ि] के जिनका इंतिक़ाल क़ब्ल हो गया था, हज़रत के पास कम से कम कोई चौदह जोरूएं (बीवीयां) थीं, और हज़रत ने यह निकाह वग़ैरा बाद वफ़ात ख़दीजा[रज़ि] शुरू किए थे। ख़दीजा[रज़ि] 10 सन दावा-ए-नुबूव्वत में मरी और इस के बाद हज़रत 13 बरस और जिए। अगर आँहज़रत इस 13 बरस के ज़माने में सिर्फ 13 औरतें करते तो वो शेख़ सादी के इस लतीफ़ा के मिस्दाक़ होते "زنے نو کن اسے دوست ہر نو بہار۔ کہ تقویم پاری نباید بکار" मगर हज़रत ने इस को नाफ़िज़ कर दिया।

हमारे मुख़ातब अव्वल तो हज़रत के हरमसरा की तादाद में क़ुत्आ बुरीद (यानी कांट छांट) करते रहे फिर हज़रत की जोरूओं (बीवीयों) को बुढ़ी से बुढ़ी साबित करते है, और यही कहतें गए कि बेकस बेवाओं की परवरिश करने के लिए हज़रत जोरूएं (बीवीयां) रखते थे। गोया हरमसरा क्या एक मुहताज-ख़ाना था। मगर हमने दिखाया कि हज़रत शहवत ज़नी व अय्याशी करते थे। हर उम्र की एक औरत हज़रत रखते थे। यहां 7 से 9 बरस तक की बाकिरा (कुँवारी) भी है। 17 बरस की नौउरुस भी, दो तीन 20 साल वाली भी, 27 साल वाली भी, 30 वाली भी, 35 वाली भी, 40 वाली भी और पच्चास वाली भी ताकि हवस कम ना हो और तजुर्बा ज़्यादा हो। फ़रंगी महल, चीनी

महल, हब्शी महल वालों ने हज़रत ही को अपना उस्ताद माना होगा। ये सूझ बूझ मर्हबा सय्यद मक्की मदनी व अरबी ही को थी और औरतों का इंतिख़्वाब हज़रत यूं करते थे, जैसा हयात-उल-क़ुलूब वाले ने लिखा है ”کلینی بسند معتبر روایت کردہ است کہ چون حضرت رسول ارادہ خواستگاری زنے می نمودوزنے افرستاد کہ نظر کند بسوی ادومی فرمود کہ بوکن گردنش رااگر گرونش خوش بوست ہمہ بدنش خوش بوست وغورک پایش راملاخطہ کن کہ اگرآنجاپر گوشت است ہمہ جائے تن اوپر گوشت است وجوہ“ औरतों की परख तो शायद किसी रईस ऊदा को भी ना मालूम थी। ऐ सय्यद साहब शर्म कीजीए और ऐसे बे-तुकी ना हांके। हज़रत अय्याश थे पुर-गोश्त औरतों को तलाश करा कर और जिब्राईल के लाए हुए ऐसे और हुबूब ईमसाक खा खा कर या शहद और कीकरकार्स पी पी कर जिस का पता मौलाना इमाद-उद्दीन ने दिया है। (तारीख़ मुहम्मदी, सफ़ा 232) रात-भर अय्याशी किया करते थे। जैसा ख़ुद मुहम्मद हुसैन क़ुबूल करते हैं कि "हज़रत एक ही साअत में रात या दिन के सभी अज़्वाज (बीवीयों) से हम-बिस्तर होते।" (सफ़ा 194) पस बेवा पर्वरी (बेवा का सहारा बनने) का ख़्याल तो जाने दीजीए। मुहम्मद हुसैन कहते हैं कि "मुख़ालिफ़ भी तज्वीज़ नहीं कर सकता कि आपका कस्रत तअद्दुद (बहुत सी बीवीयों से) निकाह शहवत परस्ती व नफ़्स पर्वरी की ग़रज़ से था।....आप नफ़्सानी अग़राज़ रखते और इन अग़राज़ से ऐश चाहते तो आलम-ए-शबाब में रस्मो रिवाज क़ौम के मुताबिक़ बहुत सी औरतें निकाह में ला सकते थे। वो भी जवान और बाकिरा (कुँवारी) जो नफ़्सानी अग़राज़ का असल महल हैं।" (सफ़ा,171-172) इस का जवाब हम दे चुके कि आलम-ए-शबाब में ज़र नेस्त इश्क़ टें टें था। हज़रत को एक जोरू भी ना मिल सकती थी। और जब ख़दीजा से आपने निकाह किया तो आप इस की ज़िंदगी-भर इस के हलक़ा बगोश तवअन और कराहन रहे। कान भरने का अभी कोई ज़ाहिरी मौक़ा ना था। फिर मौलवी साहब फ़रमाते हैं अगर कोई इस बात को ना माने (और कैसे) तो वो यही ख़्याल कर ले कि इस कस्रतो तादाद अज़्वाज (ज़्यादा बीवीयां रखने की तादाद) पर बाइस आपको नफ़्सानी अग़राज़ होते तो जिस वक़्त आप साहिबे सल्तनत और मुल्क अरब व यमन व शाम के मालिक व मुतसर्रिफ़ हो गए और इस तादाद निकाह के मुर्तक़िब हुए थे। इसी वक़्त आप जवान बाकिरा (कुँवारी) औरतों से निकाह करते। मौलवी साहब को नहीं मालूम कि यूँही हज़रत ने अपने आप को साहिबे सल्तनत देखा। मलक-उल-मौत ने रगे-जां को काटा। हज़रत को जीने की मोहलत ही ना मिली और कोई नई कली दिल की ना खिली। امید بستہ برآمدوے چھ فایدہ زان۔امید نیست کہ عمر گذشتہ باز آید۔

मगर आप हमारी तक़वीम का मुतालआ करें और हज़रत की हरमसरा का तमाशा देखें। हफ़्सा जवान भी है, और ख़ूबसूरत, ज़ैनब हुस्न व जमाल की मोहिनी मूर्त, सफिया नौ-उरुस (नई दुल्हन) 17 साल, जुवेरिया नई उम्र परी-तिम्साल, रिहाना को हज़रत ने छांट कर पसंद कर लिया है, और आईशा ؓ की कम्सिनी (छोटी उम्र) ने आप को अपना पाए-बंद। जो रविश मारिया शहरा-आफ़ाक़ है। जुदाई इस की हज़रत को शाक़ है। मगर आपको जवान और बाकिरा (कुँवारी) औरतों का पता नहीं लगता। आईशा ؓ भी बाकिरा (कुँवारी) है और क्या चाहीए। दूसरी औरतें जवानी का नमूना हैं, अगर बाकिरा (कुँवारी) नहीं तो क्या मज़ाइक़ा। जहांगीर एक ग़ैर बाकिरा (गैर-कुँवारी) बेवा औरत की तलब में क्यों दीवाना था? और फिर ये हज़रत की अज़्वाज (बीवी) किस रंग-ढंग की थीं? हम बताते हैं बल्कि आपको अपना कहा याद दिलाते हैं। सुरह अह्ज़ाब रुकूअ 4 में ख़ुदा को आप कहना पड़ा ऐ नबी की बीवीयों तुम और औरतों की तरह नहीं तुम ख़ुदा से डरनेवाली हो तो अजनबी मर्द से लचक और प्यार की बात ना करो। इस से बीमार दिल वाले तमअ (लालच) करेंगे। दस्तूर के मुवाफ़िक़ बात किया करो। घर में पड़ी रहो, नादानी के ज़नाना की तरह अपनी ज़ीनत सब मर्दों को ना दिखाओ।" (ख़ुत्बा, सफ़ा 328) इन औरतों को आप बढ़िया ना हक़ कहते हैं, हुर्मत (हराम होने) को उन की जवानी का इस दर्जा अंदेशा था।

और ये जो आपने इर्शाद फ़रमाया कि "अक़्ली व तबई क़ायदा है कि जिस औरत का जमाल व शबाब किसी मर्द को मर्ग़ूब (पसंद) व मअशुक होता है, वहा इसके होते दूसरी औरत का जो जमाल व शबाब में इस से कमतर हो हरगिज़ तालिब व रागिब नहीं होता।" (सफ़ा 178) इस की तस्दीक़ भी सौदह ؓ और आईशा ؓ के हालात में हम दिखा चुके। जो अय्याश बहुत सी नुमाइशी औरतों को जमा कर रखते हैं वो भी किसी एक पर दिलदादा (फ़िदा) रहते हैं। हमारे हज़रत अलैहिस्सलाम भी बिंत अबू बक्र (यानी आयशा) पर गरवीदा (फ़िदा) थे क्योंकि ये भी बाकिरा (कुँवारी) थीं, और कमसिन (छोटी उम्र की) भी। बाद इनके यानी दूसरे दर्जे पर आप सफ़ैद पोस्त मारिया पर शैदा (आशिक़) थे। ये भी आईशा ؓ की मसील थी। इस के बाद जुवेरिया पर फिर सफिया पर फिर हफ़्सा पर علیٰ ہذاالقیاس (अला-हाज़ल-क़यास) हर जवान पर सौदह ؓ उम्र में बड़ी थी हज़रत ने इस को पैंशन अता फ़रमाई। मैमूना और उम्म जेबा वग़ैरा जो उम्र में कुछ ज़्यादा थीं हज़रत के दिल में कम जगह पाती थी। मगर ये औरतें भी बुढ़ी ना थीं बल्कि जिस

को आप बुढ़िया समझते हैं उस पर भी जनाब का ये सुख़न (बात) चस्पाँ होता है कि "बन-ठन ज़ीनत व सिंगार से बुढ़िया भी जवान मालूम होती है और वो शिद्दत के हरीसों की महल तअ हो जाती है।" (ख़ुत्बा, सफ़ा 329) इसलिए हज़रत बीमार दिल लोगों से अंदेशा लॉक थे और इन अज़्वाज (बीवीयों) को इर्शाद था कि उनसे लचक और प्यार की बात ना करो और ना उन को अपनी ज़ीनत दिखाओ। मौलवी साहब किस-किस बात का इन्कार करोगे हज़रत अपनी करनी करतूत के काफ़ी से ज़्यादा सबूत अपनी तारीख़ में लिखा गए हैं।

# फ़स्ल दवा ज़दहुम

# तलाक़

हमने इब्तिदा में बयान किया कि तलाक़ व कसरत अज़वाजी (ज़्यादा बीवीयाँ रखना) लाज़िम व मल्ज़ूम हैं बल्कि हमेशा हमदोश चलने वाले। एक बुराई की इस्लाह दूसरी बुराई से होती है। इसलिए शराअ ईस्वी ने कसरत अज़वाजी (ज़्यादा बीवीयां रखने) को हराम ठहरा कर तलाक़ को हराम ठहराया और एक हालत में यानी ज़िना की हालत में इस को जायज़ रखा। अहदे-अतीक़ में कसरत अज़वाजी (ज़्यादा बीवीयां रखना) हलाल व मुबाह (जायज़) थी। तलाक़ भी हलाल व मुबाह (जायज़) थी, और ख़ुदावंद मसीह ने तलाक़ को इन्सान की सख़्त दिली का नतीजा बताया। इस्लाम में जब कसरत अज़वाजी (ज़्यादा बीवीयां रखना) हलाल व मश्रुअ बल्कि एक मुस्तहसिन (बेहतर) अम्र ठहरा तो इस हाल में कोई इल्ज़ाम इस्लाम पर इस वजह से आइद नहीं हो सकता कि इस ने तलाक़ को क्यों जायज़ रखा। मगर ये अम्र कि दरअसल तलाक़ एक ख़राबी है और ख़ुदावंद को ना पसंद पैग़म्बर इस्लाम के ना-मुवाफ़िक़ अक़्वाल भी इस की ताईद करके ईस्वी शरीअत मना तलाक़ की तस्दीक़ करते हैं। चुनान्चे सय्यद साहब एक हदीस नक़्ल करते हैं, "आँहज़रत ने फ़रमाया ख़ुदा ने कोई चीज़ दुनिया में ऐसी नहीं पैदा की जिसको वो तलाक़ से ज़्यादा नापसंद करता हो।" (सफ़ा 216) और मौलवी मुहम्मद अली साहब भी एक हदीस सुनाते हैं कि "हलाल चीज़ों में ख़ुदा को ज़्यादा ग़ुस्से में लाने वाली तलाक़ है।" (पैग़ाम मुहम्मदी, सफ़ा 164) पस बयान से अज़हर (रोशन) है कि तलाक़ ख़ुदा को ना पसंद और उस की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ बल्कि उस को ग़ुस्से में लाने वाली है। अब ये जुर्आत इस्लाम को ही हो सकती थी कि वो ऐसे अम्र को जिसको उनका पैग़म्बर सरीह ख़ुदा के मुबाह (जायज़) क़रार देकर ख़ुदा के ग़ज़ब को भड़काए। मगर इस इस्लामी तलाक़ को इस्लाम के हामी बहुत रंग दे कर पेश करते हैं। सय्यद साहब फ़रमाते हैं :-

> "आँहज़रत तलाक़ के मफ़्हूम ज़हनी को बहुत नापसंद फ़रमाते थे और इस के वजूद ख़ारिजी यानी कल को क़ाने बिनयान (यानी जो कुछ हो इसी पर क़नाअत (सब्र) करना) तमद्दुन (समाजी ज़िन्दगी) जानते थे। (शुक्र) है मगर बईं-हमा एक हकीमाना क़ानून तलाक़ मुंज़ब्त करके आपने इन जरूरतों का तदारुक कामिल फ़रमाया जो तमाम औक़ात में और सब

> ख़ानदानों में इस वक़्त तक ज़रूर पेश आएंगे जब तक कि इन्सान जामा बशरीयत पहने रहेगा।" (सफ़ा 215)

मुहम्मद अली साहब फ़रमाते हैं कि :-

> "शरीअत मुहम्मदिया ने इस बात में ऐसे अहकाम नाफ़िज़ किए जिससे शरीअत का पाबंद बजुज़ हालते ज़रूरत और मज्बूरी के किसी तरह बीवी को अलैहदा नहीं कर सकता।" (सफ़ा 164)

और फिर बुज़ुर्ग मौलवी सफ़दर अली साहब के इस क़ौल की कि "क़ुरआन व हदीस लोगों को ये सिखाते हैं कि जब तुम्हारी ख़्वाहिश हुआ करे जोरूओं (बीवीयों) को तलाक़ दे दिया करो" तर्दीद करते हैं। पैग़ाम मुहम्मदी (सफ़ा 165) में एक अमली दलील से इस अम्र को साबित किए देता हूँ कि दरअसल क़ुरआन व हदीस का मंशा यही है जो मौलवी सफ़दर अली साहब ने बयान किया। बिला किसी वजह के भी जब चाहीए मर्द जोरू (बीवी) को तलाक़ दे दे और दूसरी जोरू (बीवी) करे। इस्लाम के इमामों ने ऐसा किया, पैग़म्बर इस्लाम के प्यारों ने ऐसा किया, वो जो बहिश्त के सरदार समझे जाते हैं उन्होंने ऐसा किया, जो पेशवाए उम्मत मुहम्मदीया हैं उन्होंने ऐसा किया, जो इस्लाम और क़ुरआन-ए-मजीद और हदीस और सुन्नते नबी के मुनाद (पैगाम फ़ैलाने वाले) हैं उन्होंने ऐसा किया, और ख़ूब ज़रूर से किया बड़े मज़े से किया, पूरी तरह शरीअत का पाबंद हो कर किया, और कोई उसूल शरीअत मुहम्मदिया उनको इस बेएतिदाली फ़ित्रती से रोकने वाला ना था और ना किसी ने उनको बेईमान मुसलमान कहा, ना शरीअत का तोड़ने वाला। सय्यद अमीर अली साहब ने बड़ी दिलेरी से फ़रमाया कि :-

> "हज़रत अली और उन के साहबज़ादों ने कैसी आली हिम्मती ज़ाहिर फ़रमाई जिसका नतीजा ये हुआ कि हुर्मत निसवां का एक ग़ैर मकतूब क़ानून मुसलमानों में अलैहदा मुक़र्रर हो गया।" (सफ़ा 220)

मैं हज़रत अली के साहबजादों में से एक की नज़ीर पेश करता हूँ ताकि "हुर्मत निस्वान का ग़ैर मकतूब क़ानून" ज़ाहिर हो जाए। हज़रत इमाम हसन को मुहम्मद साहब ने जवानान बहिश्त का सरदार फ़रमाया है। "आप सीना लेकर सर तक रसूल-ए-ख़ूदा से

मुशाबेह (मिलते जुलते शक्ल के) थे और जिस्मानी मुशाबहत के मुवाफ़िक़ आपको अख़्लाक़ी मुशाबहत भी थी। मिरात-उल-काइनात में है कि तमाम तवारीखों में मज़्कूर है कि हज़रत इमाम हसन बड़े कसरत से निकाह करने वाले और तलाक़ देने वाले थे। हत्ता कि अपने वालिद के हीने-हयात (जीते जी) उन्होंने 90 या 110 निकाह किए और बावजूद-ए-हुस्न अख़्लाक़ के अदना अदना वजह पर उनमें से हर एक को तलाक़ दे दी। फ़ातिमा का निकाह हज़रत अली के साथ 2 हिज्री में हुआ और हज़रत अली 40 हिज्री में मक़्तूल हुए। पैदाइश इमाम हसन 3 हिज्री की है और अगर फ़र्ज़ किया जाये कि उन्होंने शुरू सन (उम्र) से अय्याशी करना शुरू की थी और इस सन को इब्तिदाई ज़माना 17 बरस का फ़र्ज़ करें जो 20 हिज्री में होता है, तो उन के वालिद की वफ़ात तक 20 बरस बाक़ी रहते हैं तो इस हिसाब से 20 बरस में हज़रत ने (90 या 110 का औसत क़रीब) 100 जोरूएं (बीवीयां) कीं। मगर कभी चार से ज़्यादा एक आन में नहीं रखें बपाबंदी शराअ मुहम्मद थे। पस साफ़ ज़ाहिर है कि हज़रत इमाम हसन बहिसाब 5 जोरूएं (बीवीयां) फ़ी साल तलाक़ देते थे, यानी हर ढाई माह में एक नई जोरू (बीवी) करते थे, और पुरानी को तलाक़ देते थे। बाद वफ़ात अली इमाम हसन 9 बरस और जिए क्योंकि 49 हिज्री में इन को उनकी जोरू ने ज़हर देकर मार डाला।[11] इस 9 बरस के अरसे में 5x9 = 45 निकाह और तलाक़ हज़रत ने और और किए होंगे या ना किए हों क़ब्ल ही आसूदा हो गए हों। मगर इस में शक नहीं कि वो सवा सौ जोरूएं (बीवीयां) जिन का ज़िक्र ऊपर किया गया इलावा इन बेशुमार लौंडियों के हैं जो किसी हिसाब में नहीं आ सकती मगर नाज़रीन उनका भी ख़्याल रखें। अब आप फ़रमाएं ये इमाम अय्याश बिला किसी वजह के महज़ ख़त नफ़्स की ग़रज़ से निकाह पर निकाह करता जाता है और तलाक़ पर तलाक़ देता है और आप नहीं कह सकते कि इस ने शरीअत मुहम्मदिया का उदूल (नाफ़रमानी) किया या वह इस के एतबार से गुनाहगार व अय्याश ठहरा। और अगर आज कोई मुसलमान इस इमाम की तरह निकाह व तलाक़ को रिवा

[11] हाशिया तारीख़ अल-अइम्मा मुसन्निफ़ सय्यद वज़ीर हुसैन ख़ां साहब बहादुर क़ाइम मक़ाम सब जज मत्बूआ नौ लकशोरी सफ़ा 74 ऐन किताब कंज़-उल-मसाइब से मनक़ूल है कि मुआवीया ने एक पारचा ज़हर आलूदा ज़ौजा इमाम हसुन मुसम्मात जअदा बिंत शअस् को इस हिदायत से भिजवाया कि "जब इमाम हसन तेरे पास आएं तो बाद इनफ़राग़ ख़लवत इस रूमाल ज़हर आलूदा से आपके जिस्म अतहर को पाक करना कि ज़हर उस के जिस्म ए इमाम हसुन में असर करेगा और फिर जान-बर ना हो पाएँगे। चुनान्चे इस लअमउना ने ऐसा किया और बावजह इस सदमें के 40 रोज़ तक आप तक्लीफ़ में रहे" जिससे मालूम होता है कि इमाम साहब ने जान भी अय्याशी के ज़हाँन की और ख़ुदा जाने किसी मर्ज़ और में मुब्तला हो कर मरे जिसके लिए इस क़िस्म के क़िस्सों की ज़रूरत हुई।

(जारी) रखे तो कौन उस को बुरा कह सकता है। हज़रत अली ज़िंदा हैं, अमीर-ऊल-मोमनीन हैं। उनकी आँखों के सामने साहबज़ादा बलंद इक़बाल ये कर रहे हैं और कोई हुक्म शराअ के अमल के ख़िलाफ़ वो नहीं पाते बल्कि सहाबा भी यही कहते हैं "बेहतर इस उम्मत में से वो शख़्स है जिसकी बीवीयां बहुत हैं।" (मिन्हाज, सफ़ा 727) और बहुत जोरुवान (बीवीयां) तभी हों जब बहुत तलाक़ हों और बहुत तलाक़ वैसी ही हों जैसे इमाम हसन ने दिए। हम इस हैवानी हरकत को क्या कहें और इस के मुर्तक़िब को किस मौज़ू नाम से याद करें। अगर मुसलमान इन्साफ़ करें तो ख़ुद समझ सकते हैं। चुनान्चे मौलवी मुहम्मद हुसैन साहब इस शख़्स की निस्बत जो चार जोरूओं (बीवीयों) से भी आसूदा नहीं होता और ज़्यादा औरतें चाहता है या इर्शाद फ़रमाते हैं :-

> "अगर कोई ऐसा छुपा रुस्तम निकल आए जो चार क़वी और तवाना औरतों का काम तमाम करके भी खुद नाकाम रहे तो इस की हाजतरवाई के लिए पांचवीं या छठीं औरत की इजाज़त देने की निस्बत कम मुज़र्रत लो। सहल-उल-अमल ये तरकीब है कि वो पहली चार आसामीयों को पैंशन देकर यके बाद दीगरे या यक-बारगी रिटायर कर दे और उनकी जगह चार और भर्ती कर ले। उनको भी वो छुपा रुस्तम हरा दे तो उनको छोड़कर चार और कर ले व-अला-हाज़ाल-कयास ऐसे शख़्स मफ़रूज़-उल-वजूदो अल-सिफ़ात को चार की मौजूदगी में पांचवें की इजाज़त दी जाये तो इस में दीनदार बदमाशों व अय्याशों को एक हीला व बहाना हाथ आ जाएगा। वो इस बहाने से बहुत सी औरतों को घेर लेंगे और मख़लूक़-ए-ख़ुदा की हक़-तल्फी करेंगे। दीनदार उनको उन के दावे के बमूजब कहा और हक़ीक़त में वो बदमाश हैं।" (सफ़ा 166)

मौलवी साहब को हरगिज़ नहीं याद था कि ऐसा शख़्स "मफ़रूज़-उल-वजूद अल-सिफात" नहीं है बल्कि ख़ुद इमाम हसन साहब हैं और वो ही सलाह पर कारबन्द रहे। अगर ये मालूम होता तो आप ऐसे लोगों को "दीनदार बदमआश व अय्याश" ना फ़रमाते। बहरहाल इन दीनदार बदमआशों की सरपरस्त शरीअत इस्लाम है। मगर बायनमाहैफ़ की ये मौलवी साहिबान सफ़दर अली साहब को ये नहीं कहने देते कि "क़ुरआन व हदीस लोगों को ये सिखाते हैं कि जब तुम्हारी ख़्वाहिश हुआ करे जोरूओं (बीवीयों) को तलाक़ दे दिया करो।" इन मौलवियों को इमाम हसन झुटलाएँ जो फेअल सरदार जवानान

बहिश्त और अमीर-ऊल-मोमनीन को ख़िलाफ़ शरीअत ठहरा रहे हैं और नहीं सोचते "چو کفراز کعبہ برخیزد کجاماند مسلمانی"۔

# फ़स्ल शेर दहुम

# औरात (औरतों) की हैसियत

इस बे-बाक मुसन्निफ़ ने इस बारे में जो ग़लत बयानीयाँ और मुँह-ज़ोरीयाँ कीं हैं इस से साबित होता है कि इस ने औरात (औरतों) की हैसियत इस्लाम में यहूदीयत और ईसाइय्यत से अफ़्ज़ल ज़ाहिर करना चाही है। कोई कलाम नहीं कि इस्लाम की हिमायत ने हमारे मुख़ातब की आँखों पर पर्दा डाल दिया है, और इस की ज़बान को बेलगाम कर दिया। अब इस को सफ़ैद को स्याह और खरे को खोटा कहने में सुरमूता मिल नहीं रहा। वाय बर्बेइंसाफ़ी और हमको वो ये सुनाता है, और मुहज़्ज़ब दुनिया को अपने ऊपर हँसाता है। "दीन ए मसीही ने औरतों की शिक़ावतें और इनकी बुराईयां और उन की कीनापरवरी और कीना जोई पर बहुत कुछ लिखा था।" (सफ़ा 219) अगर इस क़ौल में हम बजाय दीन ए मसीही के इस्लाम और मुहम्मद और सहाबा दाख़िल करें तो ये लफ़्ज़न दुरुस्त होता। दीन ए मसीही ने ! हम नकार के उस से और उस के हम ख़यालों से कहते हैं। इंजील मुक़द्दस से कोई एक कलिमा तो निकाल दो जिसमें औरतों को "मलऊन (लानती) और मतऊन" किया गया है या तुम हमसे सुन लो कि क़ुरआन व हदीस औरतों को किस तरह ज़लील करते हैं। कसरत अज़वाजी (ज़्यादा बीवी रखने) से उन के दिलों को जलाते हैं। इन की ग़ैरत को खोते, इनकी ज़िंदगी को वबाल करते हैं तलाक़ वग़ैरा से जैसा कि हज़रत इमाम हसन का अमल था। औरतों को मर्दों के लिए शहवत ज़नी का एक आला बना कर उन को दिखाते हैं कि نِسَاؤُكُمْ حَرْثٌ لَّكُمْ فَأْتُوا حَرْثَكُمْ أَنَّىٰ شِئْتُمْ औरतें तुम्हारी खेती हैं। पस जाओ अपनी खेती में जहां से चाहो। (सुरह बक़रा रुकूअ 28 आयत 253) शारेअ इस्लाम ना कोई और जिसकी शरीअत पर आप नाज़ कर रहे हैं औरत को "सूरत शैतान" फर्माते हैं।

सहीह मुस्लिम - जिल्द दोम - निकाह का बयान - हदीस 914

रावी उम्र बिन अली अब्दूल आला हिशाम बिन अबी अब्दुल्लाह अबी ज़ुबैर जाबिर

حَدَّثَنَا عَمْرُو بْنُ عَلِيٍّ حَدَّثَنَا عَبْدُ الْأَعْلَى حَدَّثَنَا هِشَامُ بْنُ أَبِي عَبْدِ اللَّهِ عَنْ أَبِي الزُّبَيْرِ عَنْ جَابِرٍ أَنَّ رَسُولَ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ رَأَى امْرَأَةً فَأَتَى امْرَأَتَهُ زَيْنَبَ وَهِيَ تَمْعَسُ مَنِيئَةً لَهَا فَقَضَى حَاجَتَهُ ثُمَّ خَرَجَ إِلَى أَصْحَابِهِ فَقَالَ إِنَّ الْمَرْأَةَ تُقْبِلُ فِي صُورَةِ شَيْطَانٍ وَتُدْبِرُ فِي صُورَةِ شَيْطَانٍ فَإِذَا أَبْصَرَ أَحَدُكُمُ امْرَأَةً فَلْيَأْتِ أَهْلَهُ فَإِنَّ ذَلِكَ يَرُدُّ مَا فِي نَفْسِهِ

**उम्र बिन अली, अब्दूल आला, हिशाम बिन अबी अब्दुल्लाह, अबी ज़ुबैर, हज़रत जाबिर रज़ीयल्लाह तआला अन्हो से रिवायत है कि रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने एक औरत को देखा तो आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने अपनी बीवी ज़ैनब रज़ीयल्लाहु तआला अन्हा के पास आए और वो उस वक़्त खाल को रंग दे रही थीं और आप सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने अपनी हाजत (हमबिस्तरी) पूरी फ़रमाई फिर अपने सहाबा रज़ी अल्लाह तआला अन्हुम की तरफ़ तशरीफ़ ले गए तो फ़रमाया कि औरत शैतान की शक्ल में सामने आती है और शैतानी सूरत में पीठ फेरती है पस जब तुम में से कोई किसी औरत को देखे तो अपनी बीवी के पास आए।**

**और "इन्हें छोड़ अपने अपने बाद कोई फ़ित्ना जो ज़्यादा ज़रर (नुक्सान) पहुँचाने वाला हो मर्दों पर औरतों से फिर हज़रत औरत को"[12] शूम "नजिस" (नापाक) फ़रमाते हैं और इस की शोमी (मनहूसियत) की घोड़ी की शोमी (मनहूसियत) में नज़ीर (मिसाल) ढूंडते।[13] फिर फ़रमाते हैं "नमाज़ को क़ता (तोड़ा) करते हैं कुत्ता और औरत और गधा।"**

**सुनन इब्ने माजा - जिल्द अव्वल - इक़ामत नमाज़ और इस का तरीक़ा - हदीस 950**

**जिस चीज़ के सामने से गुज़रने से नमाज़ टूट जाती है :-**

**रावी : ज़ैद बिन एहज़म अबू-तालिब मआज़ बिन हिशाम हिशाम क़तादा ज़रार बिन औफ़ा सअद बिन हिशाम अबू हुरैरा**

[12] मुस्लिम बुखारी वगैरह एज़न 891

[13] मुस्लिम बुखारी वगैरह एज़न 1295

حَدَّثَنَا زَيْدُ بْنُ أَخْزَمَ أَبُو طَالِبٍ حَدَّثَنَا مُعَاذُ بْنُ هِشَامٍ حَدَّثَنَا أَبِي عَنْ قَتَادَةَ عَنْ زُرَارَةَ بْنِ أَوْفَى عَنْ سَعْدِ بْنِ هِشَامٍ عَنْ أَبِي هُرَيْرَةَ عَنْ النَّبِيِّ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ قَالَ يَقْطَعُ الصَّلَاةَ الْمَرْأَةُ وَالْكَلْبُ وَالْحِمَارُ

**ज़ैद बिन एहज़म अबू-तालिब, मआज़ बिन हिशाम, हिशाम, क़तादा, ज़रार बिन औफ़ा, सअद बिन हिशाम, हज़रत अबू हुरैरा रज़ीयल्लाह तआला अन्हो से रिवायत है कि नबी करीम सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने इर्शाद फ़रमाया औरत कुत्ता और गधा नमाज़ को तोड़ देते हैं।**

**देखिए औरत को कुत्ते और गधे के बीच में बिठा ने से नहीं शर्माते। उनकी पलीदी को क़ाते नमाज़ (नमाज़ को तोड़ने वाली) फ़रमाते हैं और इंतिहा उस की ये है कि जब हज़रत ने दोज़ख़ और बहिश्त की सैर फ़रमाई तो दोज़ख़ियों में औरतों की कसरत देखी।**

**जामेअ तिर्मिज़ी - जिल्द दोम - जहन्नम का बयान - हदीस 50**

**इस बारे में कि जहन्नम में औरतों की अक्सरीयत (ज़्यादा तादाद) होगी।**

**<u>रावी अहमद बिन मनीअ इस्माईल बिन इब्राहिम अय्यूब अबी रजा अत्तारी दीय इब्ने अब्बास</u>**

حَدَّثَنَا أَحْمَدُ بْنُ مَنِيعٍ حَدَّثَنَا إِسْمَعِيلُ بْنُ إِبْرَاهِيمَ حَدَّثَنَا أَيُّوبُ عَنْ أَبِي رَجَاءٍ الْعُطَارِدِيِّ قَالَ سَمِعْتُ ابْنَ عَبَّاسٍ يَقُولُ قَالَ رَسُولُ اللَّهِ صَلَّى اللَّهُ عَلَيْهِ وَسَلَّمَ اطَّلَعْتُ فِي الْجَنَّةِ فَرَأَيْتُ أَكْثَرَ أَهْلِهَا الْفُقَرَاءَ وَاطَّلَعْتُ فِي النَّارِ فَرَأَيْتُ أَكْثَرَ أَهْلِهَا النِّسَاءَ

**अहमद बिन मनीअ इस्माईल बिन इब्राहिम अय्यूब अबी रजा अत्तारी दीय हज़रत इब्ने अब्बास रज़ी अल्लाह तआला अन्हुमा कहते हैं कि रसूल अल्लाह सल्लल्लाहो अलैहि व आले वसल्लम ने फ़रमाया मैंने जन्नत में झाँका तो इस में ग़रीबों को ज़्यादा देखा और जब दोज़ख़ में देखा तो औरतों की अक्सरीयत (सबसे ज़्यादा तादाद) थी।**

और फ़रमाया कि "अलबत्ता बरा कुनैन जन्नत में औरतें सबसे कम होंगी।"[14] बल्कि हक़ यूं है कि ना सिर्फ हज़रत ﷺ औरत को "सूरत शैतान" समझते थे बल्कि मक्कारी और फ़रेब के लिहाज़ से वो औरत को शैतान से बड़ी बल्कि शैतान की ख़ाला जानते थे। चुनान्चे सुरह निसा (रुकूअ 10 आयत 76) में आया है कि الَّذِينَ آمَنُوا يُقَاتِلُونَ فِي سَبِيلِ اللَّهِ وَالَّذِينَ كَفَرُوا يُقَاتِلُونَ فِي سَبِيلِ الطَّاغُوتِ فَقَاتِلُوا أَوْلِيَاءَ الشَّيْطَانِ إِنَّ كَيْدَ الشَّيْطَانِ كَانَ ضَعِيفًا तर्जुमा "जो मोमिन हैं वो तो ख़ुदा के लिए लड़ते हैं और जो काफ़िर हैं वो बुतों के लिए लड़ते हैं सो तुम शैतान के मददगारों से लड़ो। (और डरो मत क्योंकि शैतान का फ़रेब ज़ईफ़ है।" मगर सुरह यूसुफ़ (रुकूअ 3 आयत 28) में वारिद हुआ है فَلَمَّا رَأَىٰ قَمِيصَهُ قُدَّ مِن دُبُرٍ قَالَ إِنَّهُ مِن كَيْدِكُنَّ إِنَّ كَيْدَكُنَّ عَظِيمٌ तर्जुमा "और जब इस का कुर्ता देखा (तो पीछे से फटा था।) तब उसने ज़ुलेख़ा से कहा कि ये तुम्हारा ही फ़रेब है। और कुछ शक नहीं कि तुम औरतों के फ़रेब बड़े (भारी) होते हैं।"

और एक फ़रेब के वाक़िये पर जिससे उनकी औरतों ने एक औरत को हज़रत ﷺ के हाथ ना लगने दिया हज़रत ने अपनी अजवाज-ए-मुतह्हरात (पाक बीवीयों) को उस का मुसद्दिक़ (तस्दीक़ करने वाला) बनाया था। (देखो मिन्हाज उन्नबी 3, सफ़ा 879) हमारा मुख़ातब अपने गिरेबान में सर नहीं डालता और बग़ैर सनद दीन ए मसीह को बदनाम करता है और बक़ौल शख़से کوہ کندن وکاہ برآوردن قدماین से टरटोलेन के क़ौल को नक़्ल करता है और नहीं जानता या नहीं समझता कि दीन ए मसीही की बुनियाद इंजील मुक़द्दस है ना कि अक़्वाल टरटोलेन विकरेसास्टम जिनको मुतर्जिम ग़लती से "ईमा कलीसिया" कहता है। आप फ़रमाते हैं "चुनान्चे टरटोलन ने एक रिसाला क़बायह निसवां में तस्नीफ़ किया था और करेस्टम जिसको ईसाई लोग वली समझते हैं बक़ौल लेयके साहब मुअर्रिख़ के मुतक़द्दिमीन (पुराने) उलमाए अंसारी की राय उमूमन बयान कर दी है कि औरत एक ऐसी बला है जिससे गुरेज़ मुम्किन नहीं है और एक क़ुदरती मग़्वी और एक मर्ग़ूब आफ़त और एक ख़ानगी फ़ित्ना और एक जंग सहर इद्रेक रंगीन बला है।" फिर भी ये हज़रत से कम रहे जिनको मुसलमान लोग सय्यद-उल-अम्बिया ख़ैर-उल-अन्आम और क्या कुछ नहीं समझते। ये हज़रत ही का हिस्सा था कि औरत को शूम व नजीस, कुत्ते और गधे की तरह पलीद, सबसे मुज़िर फ़ित्ना, शैतान की ख़ाला

[14] मुस्लिम एज़न 320

,शैतान से बढ़कर मक्कार, शैतान की सूरत और जहन्नुमी और गोया बजाय रंगीन बला के काली फ़रमाएं। आप अपने क़ौल को नक़ल फ़रमाकर यूं रतब-उल-लिसान हैं "सुब्हान-अल्लाह ये कलिमात औरत की शान में एक ईसाई वली ने उस ज़माने में फ़रमाए हैं जबकि मावर हज़रत मसीह की इबादत फ़राइज़ दीनी में दाख़िल समझे जाते थे।" हम कहते हैं عیاذاًباالله अयाज़ानबिल्लाह। वो कलिमात औरत की शान में मुसलमानों के ख़ातिम-उन्नबीयन ने इस ज़माना में फ़रमाए हैं जबकि बीबी फ़ातिमा को ख़ातून ए जन्नत बनाने की कोशिश हो रही थी। फिर भी आप कहते हैं "शारेअ इस्लाम ने औरतों की इज़्ज़त करने का हुक्म क़त्ई फ़रमाया है।" ऐ हज़रत कहाँ ग़ालिबान आप सेल साहब की ग़लती में दीदा व दानिस्ता मुब्तला होना चाहते हैं। उन्होंने सुरह निसा के पहले रुकूअ में एक जुम्ले का तर्जुमा ये कर दिया है (Respect women) "औरतों की इज़्ज़त करो।" असल मज़्मून ये है واتقواالله الذی تسا دلون یه والا رحام जिसका बहुत दुरुस्त तर्जुमा नवाब मुहम्मद हुसैन कुली ख़ान साहब ने उर्दू तर्जुमा अहले तशेअह (اہل تشیع) में किया है। "डरो उस ख़ुदा से कि जिस के नाम से उस में मांग जांच लेते हो और क़ता रहम से।" हुसैनी में भी यही है "بپرہیز یداز قطع رحم" और अब्दुल क़ादिर के तर्जुमा में है "ख़बरदार रहो नातवान (कमज़ोर)" से और इस के फ़ायदा में है "यानी बदसुलूकी मत करो आपस में।" पस हज़रत कुरआन-ए-मजीद में से औरतों की इज़्ज़त तो ऐसे उड़ गई जैसे गधे के सर से सींग और शारेअ इस्लाम ने जो जो औरत के फ़ज़ाइल अहादीस में बयान फ़रमाए हैं। इस से बेचारे टरटोलेन भी थर्रा गए। अब हम आप को यहां सुनाएं कि दीन ए मसीही ने यानी इंजील मुक़द्दस ने औरत की निस्बत क्या बताया है और उनकी मंजिलत किया मुक़र्रर की।

ये तो आपने भी बड़ी ख़ंदापेशानी से अपनी अंग्रेज़ी किताब में तस्लीम किया है कि "मसीह ने औरात (औरतों) के साथ इन्सानियत का सुलूक किया था। उस के पैरौओं (मानने वालों) ने इनको इन्साफ़ से ख़ारिज कर दिया।" (सफ़ा 207) ख़ैर आप इन पैरौओं (मानने वालों) को माफ़ फ़र्मा दें और पैरौओं के मुक़तिदा की सुनें यानी मसीह की। जो सुलूक उन्हों ने औरतों से किया वही सुलूक दीन ए मसीही की शराअ (शरीअत) है। मगर पैरौओं में अगर आप टरटोलेन से लोगों ने जो हमारे यहां के कोई इमाम हसन या सहाबा किराम नहीं और जिनको हमारे यहां का वली बताना गोया हमको बदनाम करना है सनद पकड़ें तो ये भी आप की ख़ामी (ग़लती) है। हक़ीक़ी पैरौ (सच्चे मानने वाले) मसीह के उस के हवारी (सहाबा) थे जिनके वसीले मसीह की तालीम हमको पहुंची,

उन पर भी आप हर्फ़ नहीं ला सकते। अब आप औरतों की इज़्ज़त के बारे में इंजील का फ़रमान सुनें। "……..औरत को नाज़ुक पैदाइश समझ कर इज़्ज़त दो।" (1 पतरस 3:7) इस से ज़्यादा आप क्या चाहते हैं। "……औरत मर्द का जलाल है" (1 कुरन्थियों 11:7) आप बिल्कुल ख़िलाफ़ कहते हैं कि "इस्लाम ने औरतों को मवाजिब व हुक़ूक़ बख़्शे और उनको मर्दों का हमपाया (बराबर) कर दिया।" उनके मवाजिब व हुक़ूक़ तो हम फ़स्ल सोम कुरआन व तादद अज़्वाज (बीवीयां रखने की तादाद) और अदल में बयान कर चुके और मर्दों के साथ मुसावात (बराबरी) के बारे में जो हुक्म इंजील का है वो हम आपको सुनाए देते हैं। "…..ख़ुदावंद में ना औरत मर्द के बग़ैर है ना मर्द औरत के बग़ैर क्योंकि जैसे औरत मर्द से है वैसे ही मर्द भी औरत के वसीले से है मगर सब चीज़ें ख़ुदा की तरफ़ हैं।" (1 कुरन्थियो 11:11-12) शौहर जोरू (बीवी) का हक़ जैसा चाहीए अदा करे और वैसा ही जोरू (बीवी) शौहर का, जोरू (बीवी) अपने बदन की मुख़्तार नहीं बल्कि शौहर मुख़्तार है। इस तरह शौहर भी अपने बदन का मुख़्तार नहीं बल्कि जोरू (बीवी) है।" (1 कुरन्थियो 7:3-4) "मवाजिब और हुक़ूक़" इन्हें कहते हैं। आप हम को अब इसके मुक़ाबिल में कोई शरीअत इस्लामी भी सुनाएँ आख़िर आपको इस्लाम और ईस्वीयत की तालीम के असर को जिसे आप व हम अपनी आँखों से मुशाहिदा कर रहे हैं देखकर ये (असर) इतना ही पड़ा कि "जो हैसियत ईसाई औरात (औरतों) की इस वक़्त है इस्लामी औरात (औरतें) एक सदी में इस हैसियत को हासिल करेंगी।" (अंग्रेज़ी, सफ़ा 362) हनूज़ दिली दूर अस्त (ہنوز دلّی دوراست) पहले इस्लामी मर्द अपनी मिल्ली व दीगर हैसियतें दुरुस्त कर लें तब ये सब्ज़-बाग़ औरात (औरतों) को दिखाएंग। हाँ अगर....एक सदी में इस्लाम ना रहे और इस पर वो असर पड़ जाये जो आप पर पड़ा है तो बे-शक है ये सुनने को भी तैयार हो जाते। इस्लाम अपनी इस्लाह इस्लाम से मुख़ालिफ़त कर के कर सकता है। बरख़िलाफ़ दीन ए ईस्वी के कि जहां तक इस की पैरवी की जाये, जहां तक इस के अहकाम को माना जाये इस्लाह होती जाती है, क्योंकि वो दीन इस्लाह का मंबाअ (जारी चश्मा) है। जो मसीह की सुनेगा वो औरत की इज़्ज़त करेगा, जो मुहम्मद की सुनेगा वो औरत को "फ़ित्ना, पलीदगी" और "सूरत शैतान" और "मक्कार" मानेगा। तो क्या एक सदी के बाद मुहम्मद साहब की कोई ना सुनेगा। हाँ अगर ऐसी उम्मीद है तो हम भी तुम्हारे साथ उम्मीद करते हैं। فانتظروا انّی معکم من المنتظرین۔

# तम्मत

(تَمَّتَ)

# ऐलान

जनाब डाक्टर अहमद शाह साहब शावक विलायत तशरीफ़ ले गए हैं। बजूह चंद दर चंद किताब की तैयारी में बराबर देर होती रही हत्ता कि इस की इशाअत उनके सामने ना हो सकी। लिहाज़ा उन्होंने हिन्दुस्तान में इस किताब की इशाअत के वास्ते मुझको अपनी तरफ़ से एजैंट मुक़र्रर कर दिया है जिस ख़िदमत को मैंने ख़ुशी से क़ुबूल किया। आइन्दा को इस किताब के मुताल्लिक़ दरख़्वास्तें और हर क़िस्म के ख़ुतूत वग़ैरा मेरे नाम इस पता पर चाहीऐ।

पण्डित पुरुषोत्तम दास, दफ़्तर क्रिस्चन ऐडवोकेट, गुजरांवाला पंजाब। किताब शहादत क़ुरआनी बजवाब रिसाला इस्मत ए अम्बिया जिसका ज़िक्र शुरू किताब में आया है अनक़रीब शाएअ होने वाली है। मुहम्मदी वाइज़ीन व मुनाज़िरीन को रिसाला उम्महात-उल-मोमिनीन (मोमिनों की माएं) अख़ीर माह अप्रैल 1898 ई० तक बिला क़ीमत मिलेगा।

**अर्राक़ीम पण्डित पुरुषोत्तम दास**

**जनवरी 1898 ई०**